Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 118 | रविवार, 03 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पुणे में बच्ची से रेप और हत्या के बाद सड़कों पर उतरे लोग, पुलिस चौकी को घेरा: फांसी की सजा की मांग

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**पुणे।** पुणे जिले के एक गांव में 65 साल के बुजुर्ग ने 4 साल की बच्ची के साथ पहले रेप किया और फिर उसकी हत्या कर दी। मामले को लेकर गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस चौकी का घेराव करके लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मौत की सजा की मांग की है।

इसको लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने लोगों से संयम बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गिरफ्तार आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की।

### 'मानवता को कलंकित करने वाली घटना'

सुले ने इस घटना को अमानवीय करार देते हुए मानवता को कलंकित करने वाली घटना बताया। एनसीपी सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक से बात की है और आश्वासन दिया गया कि मामले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, 'मैंने नास्त्रापुर में अमानवीय घटना के संबंध में पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक से बात की है, जिसने मानवता को कलंकित किया है। उन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले दरिंदे के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मैं इस मामले पर सरकार और प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं और पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास जारी है।'

### 'संयम बरतें लोग'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरा सभी नागरिकों से विनम्र निवेदन है कि हम सभी की सामूहित इच्छा है कि अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिले और पीड़िता को न्याय मिले। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में हम सभी के आक्रामक रुख को ध्यान में रखा है। कृपया हम सभी इस मामले में संयम बरतें। इस मामले में दोषी पक्ष के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

## नाबालिग लड़की से बलात्कार और हत्या के आरोपी को मौत की सजा दी जाए: अनिल देशमुख



महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता अनिल देशमुख ने शनिवार को पुणे जिले में चार वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न और उसकी हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकारों पर यौन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्तावित शक्ति अधिनियम को लागू करने के मामले में एक–दूसरे पर जिम्मेदारी डालने का भी आरोप लगाया। यह घटना भोर जिले के एक गांव से सामने आई है। पुलिस के अनुसार, 65 वर्षीय आरोपी बच्ची को भोजन का लालच देकर बहला–फुसलाकर मवेशियों के बाड़े में ले गया, जहां उसने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और उसकी हत्या कर दी। इस घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए, देशमुख ने एक्स पर कहा कि महाराष्ट्र दिवस पर इस तरह की शर्मनाक घटना का होना राज्य के लिए उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि मामले की त्वरित सुनवाई हो और आरोपी को तुरंत फांसी की सजा दी जाए। राकांपा (एसपी) नेता ने दावा किया कि जानकारियों से पता चलता है कि आरोपी ने पहले भी छोटे बच्चों का यौन उत्पीड़न किया है। उन्होंने कहा, ऐसे अपराधी समाज में कैसे खुलेआम घूमते हैं? महा विकास आघाडी सरकार के कार्यकाल में जब मैं गृह मंत्री था, तब हमने शक्ति अधिनियम को मंजूरी दी थी, जिसे केंद्र सरकार से अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। उन्होंने कहा, जब राज्य में इस कानून की तत्काल आवश्यकता है, तो केंद्र और राज्य सरकार इसे लागू करने के बजाय एक–दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर समय बर्बाद कर रहे हैं। देशमुख ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में महिलाओं और लड़कियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल के 15 बूथों पर पुनर्मतदान के बीच बवाल, दक्षिण 24 परगना में भिड़े टीएमसी और बीजेपी समर्थक



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**पश्चिम बंगाल।** अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग के दौरान आज तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इलाके में दोनों तरफ के लोग अफरा-तफरी मचाते हुए दिखे। ये 15 बूथ दक्षिण 24 परगना की दो विधानसभा सीटों में हैं। दोबारा वोटिंग आज सुबह बिना किसी घटना के शुरू हुई। मगराहाट पश्चिम विधानसभा सीट के 11 पोलिंग स्टेशनों और डायमंड हार्बर के चार पोलिंग स्टेशनों पर वोटिंग हुई। चुनाव में धांधली के आरोपों के चलते चुनाव आयोग ने दोबारा मतदान का आदेश दिया था। जिले के फलता इलाके में निवासियों के विरोध प्रदर्शन के बीच ये झड़पें हुईं। निवासियों का आरोप था कि सोमवार को होने वाली वोटों की गिनती से पहले तृणमूल कार्यकताओं ने उन्हें धमकियां दीं और डराया-धमकाया। एक महिला निवासी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, 'तृणमूल के इसराफिल चौकीदार ने हमें धमकी दी है कि अगर ये लोग जीत गए तो वे हमारे घर जला देंगे और खून-खराबा करेंगे।' एक अन्य महिला ने दावा किया कि उसने तृणमूल को वोट दिया था। उसने इस बात पर हैरानी जताई कि उसी पार्टी के एक नेता ने उसे निशाना बनाया, जिसे उसने वोट दिया।

## 'केंद्रीय कर्मचारियों पर भरोसा करें', चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट से झटका



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दखल देने से इनकार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि तृणमूल कांग्रेस की यह दलील कि केंद्र सरकार का कोई कर्मचारी अनिवार्य रूप से उनके खिलाफ ही जाएगा, गलत है। कोर्ट ने बताया कि यह गलती दरअसल इसी धारणा में है और इसके बजाय तृणमूल को सरकारी कर्मचारियों पर कुछ भरोसा करना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग द्वारा जारी एक सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा, 'इसमें कहा गया है कि विभिन्न हलकों से विसंगति को लेकर आशंकाएं जताई गई हैं। वे केंद्र सरकार के एक और प्रतिनिधि की मांग कर रहे हैं। क्या यह राज्य पर उंगली नहीं उठा रहा है?' इस पर जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने जवाब दिया, 'इससे शायद ही कोई फर्क पड़ता है कि वह केंद्र सरकार का नॉमिनी है या नहीं। यह चुनाव आयोग के अपने विवेक पर निर्भर करता है। आपके काउंटिंग एजेंट वहां मौजूद होंगे और दूसरे लोग भी होंगे। फिर काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर और माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे जो केंद्र सरकार के अधिकारी होते हैं।' जस्टिस बागची ने कहा, 'हम यह नहीं मान सकते कि यह अधिसूचना नियमों के विपरीत है, क्योंकि इनमें से एक तो केंद्र सरकार का अधिकारी है, लेकिन बाकी नहीं... पूरी तरह से एक ही समूह में से चयन करना गलत नहीं कहा जा सकता।' यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें कोर्ट ने टीएमसी की उस अपील को खारिज कर दिया था जिसमें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में वोटों की गिनती के दौरान पर्यवेक्षकों के तौर पर केवल केंद्र सरकार और ढरव (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती दी गई थी।

## एग्जिट पोल को ममता बनर्जी ने बताया 'स्टॉक मार्केट' का खेल, कहा- हम 200 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को विश्वास जताया कि टीएमसी मौजूदा विधानसभा चुनावों में विजयी होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतगणना अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज कर दिया और उन्हें शेयर बाजार में हेरफेर करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि हम जीत रहे हैं और 200 से अधिक सीटों से जीत रहे हैं। एग्जिट पोल शेयर बाजार में हेरफेर करने का एक मात्र प्रयास है। उन्होंने 2021, 2024 और अब भी ऐसा ही किया है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों पर टीएमसी कार्यकताओं के खिलाफ बर्बरता करने का आरोप लगाया और आश्वासन दिया कि पीड़ितों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी सीएपीएफ की बर्बरता का शिकार हुए लोगों को पुरस्कृत करेगी। उनके ये बयान दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीटों पर चल रहे पुनर्मतदान के बीच आए हैं। भाजपा के पश्चिम बंगाल सह-प्रभारी अमित मालवीय ने आरोप लगाया था कि राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के फाल्टा में कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पार्टी उम्मीदवार चुनने से रोका गया था। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में चल रहे पुनर्मतदान के बीच शनिवार दोपहर 3 बजे तक मगरहटाट पश्चिम विधानसभा के 11 मतदान केंद्रों पर 72.5% मतदान हुआ, जबकि डायमंड हार्बर विधानसभा के 4 मतदान केंद्रों पर 72.36% मतदान दर्ज किया गया। इस तरह कुल मतदान 72.43% रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा को रोकने के लिए मतदान केंद्रों के पास त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) के जवान तैनात किए गए हैं। सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जबकि कोलकाता चुनाव आयोग कार्यालय से निगरानी की जा रही है। इस बीच, एग्जिट पोल के आंकड़ों ने पश्चिम बंगाल में एक दिलचस्प मुकाबले का संकेत दिया है, जिसमें अधिकांश अनुमानों में भाजपा आगे चल रही है।

## आपके फोन पर भी आया 'आपातकालीन अलर्ट'? जानें सरकार के इस फ्लैश मैसेज का असली मकसद

वेलकम इंडिया, नेटवर्क




**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने प्रमुख राष्ट्रीय एजेंसियों के समन्वय से एक उन्नत जन चेतावनी प्रणाली शुरू की है, जिसका उद्देश्य गंभीर परिस्थितियों में समय पर संचार सुनिश्चित करना है। यह आपदाओं के दौरान सटीक जानकारी समय पर पहुंचाने के लिए आपातकालीन चेतावनी प्रणाली के परीक्षण का एक हिस्सा है। इस पहल के तहत शनिवार को देशभर के फोन पर तेज अलर्ट और परीक्षण की सूचना भेजी गई। यह पहल देशभर के नागरिकों के लिए अधिक प्रतिक्रियाशील और मजबूत संचार प्रणाली बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। दूरसंचार विभाग (DoT) ने गृह मंत्रालय (MHA) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के सहयोग से इसे शुरू किया है।

इस पहल के तहत, भारत ने देशव्यापी स्तर पर तत्काल और भौगोलिक रूप से लक्षित आपदा अलर्ट भेजने के लिए अपने स्वदेशी सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम का परीक्षण किया है।

यदि मोबाइल सेटिंग में परीक्षण चैनल सक्रिय है, तो नागरिकों को अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षण संदेश प्राप्त हुए होंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ये संदेश एक अभ्यास का हिस्सा थे। एनडीएमए ने 2 मई को निर्धारित अलर्ट परीक्षण के बारे में लोगों को टेक्स्ट संदेशों के माध्यम से पहले ही सूचित कर दिया था।

देशभर में फोन बजने लगे और एक नोटिफिकेशन सामने आया जिसमें सरकार की ओर से लॉन्च की सूचना दी गई थी। नोटिफिकेशन में लिखा था, 'भारत ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके सेल ब्रॉडकास्ट लॉन्च किया है, जिससे नागरिकों को आपदा की तुरंत सूचना मिल सकेगी। सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र।' इसमें आगे लिखा था, 'इस संदेश को प्राप्त करने पर जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है। - भारत सरकार।'

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह सूचना आपातकालीन चेतावनी प्रणाली का केवल एक परीक्षण था और उपयोगकताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। ये चेतावनी एक से अधिक बार दिखाई दे सकती हैं। विभाग ने कहा कि परीक्षण के दौरान, यह संदेश बार-बार दिखाई दे सकता है। इसे अनदेखा करें; आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है।

## जल जीवन मिशन पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन, बोले- लापरवाही करने वालों की अब खैर नहीं

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** योगी आदित्यनाथ ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे जल जीवन मिशन के अंतर्गत खुदाई कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें और यह भी सुनिश्चित करें कि काम पूरा होने के बाद खोदी गई सभी सड़कों और गड्ढों को तुरंत बहाल किया जाए।

जिला मजिस्ट्रेटों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अनुपालन की निगरानी के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

योगी सरकार शहरी केंद्रों से ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों लोगों को पहले ही लाभ मिल चुका है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों, मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को खोदी गई सड़कों और गड्ढों की स्थिति का जायजा लेने और उनकी तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए मौके पर जाकर निरीक्षण करना होगा। उन्होंने दोहराया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देरी, अधूरा काम या कर्तव्य में चूक के लिए जिम्मेदार पाई जाने वाली एजेंसियों और ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाया जाएगा और उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल समाधान पोर्टल पर दर्ज जल आपूर्ति, रिसाव और खुदाई संबंधी शिकायतों के समाधान को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल आपूर्ति या मरम्मत कार्य से संबंधित शिकायतों के लिए नागरिक टोल-फ्री हेल्पलाइन 18001212164 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 25 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में लगभग 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। राज्य सरकार अब मिशन मोड में काम कर रही है ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके।

## कांग्रेस नेता अजय राय की हालत स्थिर, अचानक हुए थे बेहोश मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय का यहां मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है जिन्हें कल अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मेदांता अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राय शुक्रवार शाम करीब छह बजे अपने आवास पर अचानक बेहोश हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया।

कपूर ने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण में पता चला है कि राय के शरीर में सोडियम की कमी हो गई थी और उनका रक्तचाप भी बढ़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने उनका तुरंत उपचार किया, जिसके बाद उनकी स्थिति में सुधार है। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखे हुए है और फिलहाल वह होश में हैं, बातचीत कर रहे हैं तथा हालत स्थिर है। शनिवार दोपहर मेदांता अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया, 'प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय (56) को शुक्रवार शाम लगभग साढ़े छह बजे आपातकालीन विभाग में लाया गया था। उस समय, वह बेहोशी की हालत में थे और उन्हें दौरा पड़ा था। प्रारंभिक जांच में उनके रक्त में सोडियम का स्तर कम (हाइपोनेट्रेमिया) पाया गया।'

बुलेटिन में कहा गया है, 'वर्तमान में, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. दिलीप और उनकी टीम की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान, उनके सोडियम स्तर को नियंत्रित और स्थिर कर दिया गया है। फिलहाल उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है और वह लगातार डॉक्टरों की निगरानी में हैं।' प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने शनिवार को कहा, 'शरीर में सोडियम का स्तर कम होने के कारण अजय राय को शुक्रवार शाम लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह लखनऊ में अपने आवास पर बेहोश हो गए थे। पूरे दिन वह पार्टी के कार्यक्रमों में व्यस्त रहे और हवाई अड्डे भी गए थे।' कांग्रेस की उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी अविनाश पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'अब उनकी (अजय राय की) हालत स्थिर है और मैं भी लखनऊ पहुंच रहा हूं।' वाराणसी में अजय राय की पत्नी रीना राय ने कहा, 'बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा और आशीर्वाद से उनकी (अजय राय की) तबीयत में काफी सुधार है एवं वह पहले से बहुत बेहतर हैं।' कांग्रेस की वाराणसी महानगर इकाई के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने दावा किया कि राय की तबीयत में सुधार है और आज शाम तक अपने गृह जिले वाराणसी आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'उत्तर प्रदेशकांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ है। मैं उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, 'उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के अस्वस्थ होने के समाचार से चिंतित हूं।

## संपादक की कलम से

# उबलती धरती, डगमगाती थाली, संकट में किसान



ललित शर्मा
संपादक

जलवायु परिवर्तन के इस निर्णायक दौर में चरम गर्मी अब केवल एक मौसमी विचलन नहीं रह गई है; यह एक गहरे संरचनात्मक संकट के रूप में उभर रही है, जो वैश्विक खाद्य प्रणालियों की बुनियाद को हिला रही है। बढ़ते तापमान और तीव्र होती हीटवेव्स ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक ऐसे दबाव में ला खड़ा किया है, जहां हर कड़ी कमजोर पड़ती दिख रही है। वैज्ञानिक और नीति-निमार्ता अब इसे एक रिस्क मल्टीप्लायर' के रूप में पहचान रहे हैं—ऐसा कारक जो न केवल स्वयं नुकसान पहुंचाता है, बल्कि अन्य जोखिमों को भी कई गुना बढ़ा देता है। यदि अब निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो चरम गर्मी आने वाले दशकों में वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा व्यवस्थित खतरा बन जाएगी। चरम तापमान का सबसे प्रत्यक्ष और स्पष्ट प्रभाव फसलों पर पड़ता है। यह स्थापित तथ्य है कि 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान गेहूं, चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों के लिए प्रतिकूल होता है। अधिक तापमान पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को बाधित करता है, परागण को प्रभावित करता है और दानों के विकास को अधूरा छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उत्पादन में गिरावट आती है, जो कई मामलों में 10 से 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह केवल मात्रा की समस्या नहीं है—गर्मी के कारण अनाज का पोषण स्तर भी घटता है, जिससे खाद्य गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस प्रकार, यह संकट उत्पादन और पोषण दोनों को एक साथ चोट पहुंचाता है। पशुपालन क्षेत्र भी इस तापीय दबाव से अछूता नहीं है। उच्च तापमान के कारण पशुओं में हीट स्ट्रेस बढ़ता है, जिससे उनकी उत्पादकता पर सीधा असर पड़ता है। डेयरी पशुओं में दूध उत्पादन में कमी, मुर्गियों में अंडा उत्पादन का घट जाना और सूअरों में वृद्धि दर का धीमा होना इसके प्रमुख उदाहरण हैं। चरम परिस्थितियों में पशुओं की मृत्यु तक हो सकती है, जिससे किसानों की आय पर गंभीर चोट पड़ती है। मत्स्य पालन में स्थिति और भी जटिल हो जाती है—समुद्री तापीय लहरों के कारण जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा घटती है, जिससे मछलियां तनावग्रस्त हो जाती हैं और उनका जीवित रहना कठिन हो जाता है। इस तरह, अत्यधिक गर्मी खाद्य उत्पादन के सभी प्रमुख स्रोतों को एक साथ प्रभावित कर रही है। लेकिन असली चुनौती तब सामने आती है जब ये प्रभाव एक-दूसरे को बढ़ाने लगते हैं। चरम गर्मी सूखे को जन्म देती है, जिससे जल संसाधनों पर अभूतपूर्व दबाव पड़ता है। सिंचाई के लिए पानी की कमी फसलों की उत्पादकता को और घटा देती है, जबकि पशुओं और मनुष्यों के लिए जल संकट गंभीर रूप ले लेता है। इसके अलावा, उच्च तापमान कीटों और रोगों के प्रसार के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। टिड्डी दल जैसी घटनाएं अधिक बार और अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही हैं, जो कुछ ही दिनों में विशाल फसल क्षेत्र को नष्ट कर सकती हैं। इस प्रकार, तापमान वृद्धि केवल एक अलग-थलग समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसे चक्र का हिस्सा है जो लगातार खुद को मजबूत करता जाता है। वन क्षेत्रों में भी इसका गहरा प्रभाव दिखाई देता है। बढ़ती गर्मी और सूखे के कारण जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और कार्बन चक्र बाधित होता है। यह एक खतरनाक दुष्चक्र को जन्म देता है—जंगलों की आग से कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, जो आगे तापमान वृद्धि को और तेज करता है, और यह वृद्धि फिर नई आग की घटनाओं को जन्म देती है।

## खेतों की सैर

उदय किशोर साह



कविता

आईये खेतों की मैं आपकी सैर करा दूँ
जीवन की आहार से आपको मिलवा दूँ
धान मकई गुनली वो है सफेद जुवार
जन सेवा में पक कर खड़ी है ये तैयार

वो हरा चना है कितना भोला भाला
दुबक रहा है ठंडक में ओढ़ दोशाला
मटर की फली है कितनी प्यारी प्यारी
काबुली चना से छोला बन कर है न्यारी

परती मिट्टी में कुरथी जन जन की रानी
पथरी रोग में औषधि है इनकी मेहरबानी
अरहर मूंग मसूर की खेती है भरमार
पौष्टिक गुण से भरा है दलहन परिवार

सरसों तीसी मुंगफली तेलहन का है द्वार
इनकी बगैर किचन की सब्जी है बेकार
मुड़वा कोदो को अमीर करते हैं तिरस्कार
पर गरीबों की भोजन है पौष्टिक आहार

साक सब्जी की वो हरी भरी है कियारी
कोहड़ा कद्दू भिंडी परवल की तरकारी
आलू प्याज लहसून किचन का मशाला
धनियां पत्ती में मिरची चटनी बनी काला

सीम तोरई पालक का लो नित्य आहार
पौष्टिकता गुण से आता है इनका संसार
पपीता पाचन का है दास्त प्यारा प्यारा
अमरूद आम फल में है चाँद सितारा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# द चिल्ड्रन रिलीज न्यूजपेपर: शब्दों के माध्यम से युवा मनों का पोषण करना



डॉ. विजय गर्ग
लेखक

तेजी से आगे बढ़ने वाली डिजिटल सामग्री के प्रभुत्व वाले युग में, विशेष रूप से बच्चों के लिए डिजाइन किए गए समाचार पत्र का विचार पुराना लग सकता है। फिर भी, 'द चिल्ड्रन क्विन्स अखबार' की अवधारणा आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। यह केवल सूचना का स्त्रोत नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली शैक्षिक उपकरण भी है जो जिज्ञासा को बढ़ाता है, जागरूकता पैदा करता है, तथा युवा मनों को सूचित, जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

बच्चों का अखबार, केवल वयस्कों के लिए बने समाचार पत्र का ही एक सरल संस्करण नहीं है। इसे युवा पाठकों के संज्ञानात्मक स्तर, रुचियों और भावनात्मक परिपक्वता से मेल खाने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है।

इसकी भाषा स्पष्ट, आकर्षक और आयु के अनुरूप है। जटिल वैश्विक मुद्दों को सरल शब्दों में समझाया गया है, जिससे बच्चों को बिना किसी परेशानी के दुनिया को समझने का अवसर मिलता है। विज्ञान और पर्यावरण से लेकर संस्कृति और समसामयिक घटनाओं तक, यह मैत्रीपूर्ण और सुलभ तरीके से ज्ञान की एक खिड़की खोलता है।

बच्चों के समाचार पत्र की सबसे बड़ी ताकत में से एक है पढ़ने की आदत विकसित करने की इसकी क्षमता। ऐसे समय में जब स्क्रीन अक्सर बच्चों का ध्यान आकर्षित कर लेती है, अखबार एक नया विकल्प प्रस्तुत करता है। अखबार को हाथ में लेकर, उसके पन्ने पलटने तथा नई कहानियाँ खोजने का अनुभव एकाग्रता और कल्पनाशीलता को बढ़ावा देता है।

डिजिटल स्क्रॉलिंग के विपरीत, समाचार पत्र पढ़ना सामग्री के साथ गहरी बातचीत को प्रोत्साहित करता है, जिससे बच्चों को समझ और आलोचनात्मक सोच कौशल विकसित करने में मदद मिलती है।

इसके अलावा, बच्चों का अखबार दुनिया के बारे में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह युवा पाठकों को समतोल और गैर-धमकी भरे तरीके से वर्तमान घटनाओं से परिचित कराता है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी प्रगति या सांस्कृतिक विविधता जैसे विषयों को संवेदनशीलता और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया जाता है। यह प्रारंभिक अनुभव बच्चों को वैश्विक मुद्दों के प्रति अधिक जागरूक होने में मदद करता है तथा उन्हें समाज में अपनी भूमिका के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है। रचनात्मकता एक अन्य क्षेत्र है, जहां बच्चों के अखबार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ऐसे कई प्रकाशनों में कहानियों, कविताओं, चित्रों, पहेलियों और बच्चों द्वारा दी गई प्रश्नोत्तरी के अनुभाग शामिल हैं। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उन्हें स्वामित्व और भागीदारी का एहसास भी होता है। जब कोई बच्चा अपना नाम या कार्य प्रकाशित होते हुए देखता है, तो यह एक गहन प्रेरक अनुभव हो सकता है, जो उसे अधिक स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने के लिए प्रोत्साहित करता है।

इसके अलावा, बच्चों के समाचार पत्रों में अक्सर युवा उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों, वैज्ञानिकों, कलाकारों एवं सामाजिक कार्यकताओं की प्रेरणादायक कहानियाँ प्रकाशित होती हैं। ये कहानियाँ आदर्श के रूप में कार्य करती हैं, तथा बच्चों को यह दिखाती हैं कि समर्पण और प्रयास से क्या संभव है। वे सफलता के विविध उदाहरण प्रस्तुत करके रूढ़िवादिता को तोड़ने में भी मदद करते हैं, तथा बच्चों को अपने जुनून का पीछा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

बच्चों के लिए लिखे जाने वाले समाचार पत्र का शैक्षिक महत्व शैक्षणिक स्तर से भी कहीं अधिक है। यह सहानुभूति, संचार और नैतिक सोच जैसे आवश्यक जीवन कौशलों को बढ़ावा देता है। सामाजिक मुद्दों, दयालुता, टीमवर्क और समस्या-समाधान पर लेख बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करते हैं। वे विभिन्न दृष्टिकोणों का सम्मान करना सीखते हैं तथा सहयोग और जिम्मेदारी के महत्व को समझते हैं।

कक्षा में, बच्चों के लिए एक समाचार पत्र एक मूल्यवान शिक्षण संसाधन हो सकता है। शिक्षक इसका उपयोग पाठों को अधिक इंटरैक्टिव और प्रासंगिक बनाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक विज्ञान लेख पाठ्यपुस्तक के अध्याय का पूरक हो सकता है, जबकि एक समाचार सामाजिक अध्ययन की कक्षाओं में चर्चा को जन्म दे सकता है। बहस, प्रस्तुतियाँ और रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियों को समाचार पत्र की सामग्री के आधार पर बनाया जा सकता है, जिससे सीखना अधिक गतिशील और आनंददायक हो जाता है।

भारतीय संदर्भ में, बच्चों के अखबारों का महत्व विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विविध जनसंख्या और तेजी से बदलते समाज के कारण, युवा नागरिकों को उनकी संस्कृति, मूल्यों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए डिजाइन किए गए समाचार पत्र पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वास्तविकताओं के बीच की खाई को पाट सकते हैं। वे बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा दे सकते हैं, स्थानीय कहानियों का जश्न मना सकते हैं, तथा वैश्विक जागरूकता को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय पहचान की भावना को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

हालाँकि, बच्चों के समाचार पत्रों की सफलता बदलते समय के साथ अनुकूलन करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है। यद्यपि प्रिंट अभी भी मूल्यवान है, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्मों को एकीकृत करने से इसकी पहुंच और सहभागिता बढ़ सकती है। इंटरैक्टिव सुविधाएं, ऑडियो-विजुअल सामग्री और ऑनलाइन भागीदारी आज की तकनीक से परिचित पीढ़ी के लिए समाचार पत्रों को अधिक आकर्षक बना सकती है। लक्ष्य प्रिंट को प्रतिस्थापित करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे पूरक बनाना चाहिए, जिससे एक संतुलित और समृद्ध अनुभव प्राप्त हो सके।

बच्चों को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पढ़ने, लेखों पर चर्चा करने तथा अपने बच्चे की राय में रुचि दिखाने के लिए समय निकालकर वे घर पर एक सकारात्मक शिक्षण वातावरण बना सकते हैं। जब बच्चे वयस्कों को पढ़ने और जानकारी प्राप्त करने में रुचि रखते हुए देखते हैं, तो उनमें भी ऐसी ही आदतें विकसित होने की संभावना अधिक होती है। इसके अनेक लाभों के बावजूद, कुछ क्षेत्रों में बच्चों के बीच समाचार पत्र पढ़ने की संस्कृति धीरे-धीरे घट रही है। इस प्रवृत्ति को शिक्षकों, अभिभावकों, प्रकाशकों और नीति निमार्ताओं के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से संबोधित करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए समाचार पत्रों को किफायती, सुलभ एवं आकर्षक बनाना, उनकी निरंतर प्रासंगिकता सुनिश्चित करने हेतु अत्यंत आवश्यक है।

निष्कर्षतः, द चिल्ड्रनज न्यूजपेपर कहानियों और तथ्यों के संग्रह से कहीं अधिक है। यह ज्ञान, रचनात्मकता और जागरूकता का प्रवेश द्वार है। यह इस बात को आकार देता है कि बच्चे दुनिया और उसमें अपना स्थान कैसे देखते हैं। पढ़ने, आलोचनात्मक सोच और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करके, यह आजीवन सीखने की नींव रखता है।

सूचना से भरी दुनिया में, बच्चों को न केवल पहुंच की आवश्यकता है, बल्कि मार्गदर्शन भी चाहिए। एक अच्छी तरह से तैयार किया गया बच्चों का समाचार पत्र यह मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे युवा पाठकों को विचारशील, सूचित और जिम्मेदार व्यक्ति बनने में मदद मिलती है। यह हर तरह से भविष्य में निवेश है - एक समय में एक ही पृष्ठ।

# बरगी हादसा: जब सुरक्षा कागजों में और मौत हकीकत में निकली



प्रो. आरके जैन
लेखक

जबलपुर, मध्यप्रदेश स्थित बरगी डैम पर 30 अप्रैल 2026 की शाम घटित क्रूज हादसा नर्मदा के शांत जल पर पसरी सामान्यता को अचानक भयावह त्रासदी में बदल गया। सैर-सपाटे और आनंद के बीच अचानक आए तेज तूफान ने क्रूज को पलट दिया, जिससे कई पर्यटक गहरे संकट में फंस गए। इस दुखद घटना में अब तक नौ लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं।

एक मां और उसके चार वर्षीय पुत्र का एक साथ मिला शव इस हादसे की मार्मिकता को और अधिक पीड़ादायक बना देता है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह दुर्घटना केवल मौसम की मार नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर चूक का परिणाम है।

यात्रा शुरू होते ही सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियाँ सामने आने लगीं। लगभग 40 यात्रियों से भरा क्रूज आगे बढ़ते ही अचानक बदलते मौसम की चपेट में आ गया। सर्वाइवर्स के अनुसार तेज हवा शुरू होते ही उन्होंने बार-बार क्रूज को किनारे लौटाने की अपील की, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया।

सबसे बड़ी चूक यह रही कि लाइफ जैकेट पहले से उपलब्ध नहीं कराई गईं और संकट बढ़ने पर ही जल्दबाजी में बांटी गईं, जिससे अव्यवस्था फैल गई और कई लोग उन्हें ठीक से पहन भी नहीं सके। कुछ जैकेट्स की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सर्वाइवर्स के अनुसार, आपात स्थिति में क्रू स्टाफ ने उचित मार्गदर्शन देने के बजाय पर्याप्त मदद नहीं की। कुछ सर्वाइवर्स और रिपोर्ट्स में ओवरलोडिंग के कारण क्रूज का संतुलन कमजोर होने का संदेह जताया जा रहा है।

यह दुर्घटना पर्यावरणीय नियमों की गंभीर अवहेलना को उजागर करती है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नर्मदा जैसे संवेदनशील जल क्षेत्रों में डीजल चालित क्रूज और नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने भी बरकरार रखा, फिर भी बरगी डैम में इन नियमों की अनदेखी कर संचालन जारी रहा। इससे जल प्रदूषण बढ़ा, पारिस्थितिक संतुलन और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी। मौसम विभाग की तेज आंधी और तेज हवाओं (60-70 किमी प्रति घंटे) की चेतावनी के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। क्रूज को समय रहते रोका नहीं गया और न ही सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। साथ ही, रियल-टाइम मौसम अलर्ट और प्रभावी आपातकालीन व्यवस्था का अभाव इस त्रासदी को और भयावह बना गया।

लगातार दोहराई जा रही ये घटनाएं साफ दिखाती हैं कि चेतावनियों के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। देश के पहाड़ी झीलों, समुद्री तटों और बांध क्षेत्रों में नाव दुर्घटनाएं बार-बार ओवरलोडिंग, लाइफ जैकेट की कमी, अप्रशिक्षित क्रू और मौसम चेतावनियों की अनदेखी के कारण होती रही हैं। बरगी हादसे में भी शुरूआती बचाव स्थानीय मछुआरों और लोगों ने किया, जबकि एसडीआरएफ और राहत दल देर से पहुंचे। यह स्थिति पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर कमजोरी को उजागर करती है। नावों के नियमित निरीक्षण, क्षमता सीमा का पालन और क्रू प्रशिक्षण जैसे बुनियादी नियम आज भी पर्याप्त गंभीरता से लागू नहीं किए जाते।

इस भयावह दुर्घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए पूरे राज्य में क्रूज और बोट संचालन पर अस्थायी रोक लगा दी तथा विस्तृत जांच के आदेश जारी किए। मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है और घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कई घंटों तक चले बचाव अभियान में लगभग 27-28 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, फिर भी कुछ परिवार अपने लापता परिजनों की तलाश में व्याकुल हैं। यह आवश्यक है कि यह जांच केवल दोष निर्धारण तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे बोटिंग तंत्र में सुरक्षा, निगरानी और नियम पालन को मजबूत करने की दिशा में ठोस बदलाव लाए।

यह दुखद घटना इस सच्चाई को उजागर करती है कि पर्यटन को व्यावसायिक लाभ का साधन बनाते हुए मानव जीवन की सुरक्षा को अक्सर पीछे छोड़ दिया जाता है। कई स्थानों पर नावों का पंजीकरण, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और आपातकालीन योजनाएं केवल औपचारिक दस्तावेज बनकर रह जाती हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और न्यायालय के निदेशों की अनदेखी पर्यावरण और जन सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही दिखाती है। यदि समय रहते क्रूज संचालन रोका जाता, लाइफ जैकेट पहले उपलब्ध कराई जातीं और मौसम चेतावनी पर कार्रवाई होती, तो इस त्रासदी को टाला जा सकता था। अब नौ परिवारों के उजड़ने के बाद सुधार की चर्चा हो रही है।

बरगी बांध की यह दुखद घटना अंततः एक सख्त संदेश छोड़ जाती है कि पर्यटन और विकास की दौड़ में सुरक्षा से समझौता अब किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकता। देश के सभी प्रमुख बांधों, झीलों और पर्यटन स्थलों पर तुरंत व्यापक सुरक्षा परीक्षण कराना आवश्यक है। हर यात्रा की शुरूआत से पहले लाइफ जैकेट का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जाए और मौसम आधारित रियल-टाइम चेतावनी प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। डीजल क्रूज पर प्रतिबंधों का कठोर पालन हो तथा क्रू सदस्यों का नियमित प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। ओवरलोडिंग पर सख्त दंड व्यवस्था लागू कर, निजी और सरकारी दोनों ऑपरेटरों की समान जवाबदेही तय करना अब अनिवार्य है।

बरगी की यह भयावह त्रासदी समय के पन्नों पर एक गहरी टीस छोड़ गई है, जिसे भुलाना संभव नहीं। मां और मासूम पुत्र का एक साथ मिला दृश्य तथा नौ निर्दोष जिंदगियों का असमय अंत यह कठोर सत्य सामने लाता है कि सुरक्षा में जरा-सी भी चूक विनाश का रूप ले सकती है। यदि अब भी चेतना नहीं जागी और ठोस सुधार लागू नहीं हुए, तो ऐसी घटनाओं को रोक पाना असंभव होगा। अब समय आ गया है कि पर्यटन को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि पूर्ण सुरक्षा, उत्तरदायित्व और सख्त नियंत्रण के साथ संचालित किया जाए, ताकि सुकून की तलाश में निकले लोग लापरवाही की भेंट न चढ़ें। यह त्रासदी व्यवस्था में निर्णायक और व्यापक परिवर्तन की अनिवार्य पुकार बन चुकी है।



# इथेनॉल से दौड़ेंगे वाहन : सरकार 100 प्रतिशत ब्लेंडिंग की तैयारी में



स्नेहा सिंह
लेखिका



अमेरिका और ईरान के युद्ध के कारण दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल की कमी पैदा हो गई है। दूसरी ओर जिन देशों के पास स्टॉक है, वह भी घटने लगा है। कई देशों ने वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं।

भारत ने भी पेट्रोल और डीजल के विकल्पों तथा अन्य रसायनों के मिश्रण से नए ईंधन विकसित करने और उनके उपयोग की दिशा में प्रयास शुरू किए हैं। एक ओर स्टॉक घट रहा है और दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी वृद्धि की संभावना है, ऐसे में सरकार ने इन पर निर्भरता कम करने का नया प्रयास शुरू किया है।

हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने एक नया नोटिफिकेशन जारी किया है। मंत्रालय ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें पेट्रोल में अधिक मात्रा में इथेनॉल मिलाने के नियमों का प्रस्ताव रखा गया है। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है, तो आने वाले समय में वाहन पूरी तरह इथेनॉल से भी चल सकेंगे। सरकार 100 प्रतिशत इथेनॉल से वाहन चलाने की तैयारी में है।

जानकारों के अनुसार इस ड्राफ्ट का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन से जुड़े नियमों, फ्यूल क्लासिफिकेशन और हाई इथेनॉल ब्लेंड से जुड़े तकनीकी शब्दों में बदलाव करना है। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स-1989 में संशोधन कर ए85 या ए100 तक के ईंधन के लिए वाहन मानकों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

ड्राफ्ट में ईंधन की नई श्रेणियां तय करने का भी प्रस्ताव है। जैसे पेट्रोल की पहचान अब ए10/ए से बदलकर ए10/ए20 की जाएगी। इसके साथ ही ए85 और ए100 को भी आधिकारिक रूप से शामिल किया जाएगा।

इसी तरह बायोडीजल को इ10 से बढ़ाकर इ100 तक अपडेट किया जाएगा। रिपोर्टों के अनुसार ऊर्जा जरूरतों में आत्मनिर्भरता लाने के प्रयास के तहत 100 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल करने की कोशिश की जा रही है। यदि यह संभव हुआ तो ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। इससे क्रूड पर निर्भरता घटेगी और पर्यावरण संरक्षण तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। साथ ही किसानों की आय भी बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग का अर्थ है पेट्रोल में इथेनॉल मिलाना। भारत में वर्तमान पेट्रोल इंजन की क्षमता ए20 है, यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जा सकता है। इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल नीति पिछले वर्ष 1 अप्रैल से लागू की गई थी। वर्तमान में पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता है। सरकार इसे बढ़ाकर 85 और 100 प्रतिशत करना चाहती है और ऐसे इंजन विकसित करना चाहती है, जो पूरी तरह इथेनॉल पर चलें।

इथेनॉल एक प्रकार का अल्कोहल है, जो गन्ने, मक्का और चावल से बनाया जाता है। पहले इनमें से शुगर निकाली जाती है, फिर उसमें यीस्ट मिलाया जाता है। यीस्ट शुगर को इथेनॉल और गैस में बदल देता है। इस प्रक्रिया को फर्मेंटेशन कहा जाता है। इसके बाद मिश्रण को डिस्टिलेशन द्वारा शुद्ध किया जाता है और पानी अलग किया जाता है। इसके बाद प्राप्त इथेनॉल का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है।

भारत इथेनॉल उत्पादन में लगातार नए रिकार्ड बना रहा है। 2014 में उत्पादन क्षमता 200 करोड़ लीटर थी, जो अब 1800-2000 करोड़ लीटर तक पहुंच गई है। ए20 ब्लेंडिंग के लिए 1000 करोड़ लीटर की जरूरत होती है। सरकार अगले पांच वर्षों में उत्पादन और उपयोग दोनों को पांच गुना बढ़ाना चाहती है। इसके लिए आटोमोबाइल इंडस्ट्री को फ्लेक्स फ्यूल टेक्नोलाजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ए100 नीति लागू होने के बाद वाहन पूरी तरह इथेनॉल पर चल सकेंगे। इससे क्रूड पर निर्भरता घटेगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

इथेनॉल का आक्टेन नंबर अधिक होता है, जिससे इंजन स्मूथ चलता है और उसकी उम्र बढ़ती है। इससे कार्बन मोनोआक्साइड और हानिकारक गैसों का उत्सर्जन कम होता है, इसलिए इसे कार्बन न्यूट्रल फ्यूल भी कहा जाता है। हालांकि इसके साथ कुछ चुनौतियां भी हैं।

सबसे बड़ी चुनौती माइलेज की है। इथेनॉल में पेट्रोल की तुलना में 30-35 प्रतिशत कम ऊर्जा होती है, जिससे माइलेज 20-30 प्रतिशत तक कम हो सकता है। लंबे समय तक उपयोग से पुराने इंजनों में जंग लगने का खतरा रहता है। ठंड के मौसम में स्टार्टिंग में भी दिक्कत आ सकती है। इसके अलावा ए100 के लिए विशेष इंजन और फ्यूल सिस्टम की जरूरत होगी।

सरकार डीजल और कामर्शियल एलपीजी में भी ब्लेंडिंग की दिशा में कदम उठा रही है। भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) इन ईंधनों के गुणवत्ता मानकों को अंतिम रूप दे रहा है। संभावना है कि डीजल में आइसोब्यूटाइल अल्कोहल और एलपीजी में डाइमिथाइल ईथर (DME) मिलाने की अनुमति दी जा सकती है।

भारत अपनी जरूरत का 85-90 प्रतिशत क्रूड आयात करता है। ए20 नीति से पहले ही 1050 करोड़ लीटर की बचत हुई है। यदि भविष्य में केवल 25 प्रतिशत वाहन भी ए100 पर चलने लगें, तो करोड़ों लीटर क्रूड की बचत हो सकती है। इससे अर्थव्यवस्था पर भार कम होगा और किसानों को लाभ मिलेगा।

ब्राजील में 1970 से इथेनॉल आधारित वाहन चल रहे हैं और वहां अधिकांश वाहन फ्लेक्स फ्यूल पर चलते हैं। अमेरिका में ए10 और ए85 आम हैं, जबकि ए100 को सीमित सफलता मिली है। स्वीडन में भी ए85 का व्यापक उपयोग होता है।

भारत में फिलहाल वाहन ए20 तक ही सक्षम हैं, लेकिन भविष्य में ए85 और ए100 क्षमता वाले वाहन आने की संभावना है।

# मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक पूरनपुर एवं जिलाधिकारी ने गोमती नदी के पुनरोद्धार कार्य का शहबाजपुर में किया शुभारम्भ

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** मक्ष मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 दलजीत कौर, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत शहबाजपुर में गोमती नदी का पुनरोद्धार कार्य का विधि-विधान से पूजन कर कार्य की शुरूआत की। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक एवं जिलाधिकारी ने फावड़ा चलाकर नदी के पुनरोद्धार हेतु श्रमदान किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि गोमती नदी पीलीभीत की पहचान है। हमें यह बताते हुये गर्व होता है कि गोमती नदी का उद्गम स्थल हमारे जनपद पीलीभीत में स्थित है। नदियां हमारी सभ्यता की जीवनरेखा हैं। गोमती नदी का पुनरोद्धार आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक अभियान है।

इससे न केवल जल स्तर में सुधार होगा अपितु स्थानीय जैव विविधता को भी नया जीवन मिलेगा। विधायक पूरनपुर ने कहा कि गोमती नदी को नया जीवन प्रदान करना और क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करना है।

उन्होंने कहा कि इस कार्य से वी.वी.रामजी और अन्य योजनाओं के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त होगा। नदी की खुदाई और सफाई का कार्य को सही तरीके से कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस स्थल का विकास कराने के लिए प्रयास करेंगें। जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी आदि गंगा के नाम से जाने जाती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने गोमती पर विशेष ध्यान दिया है और आने वाले में बहुत बडा पर्यटक स्थल माधोटांडा बनने जाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोमती नदी की जनपद की सीमा तक की लम्बाई का सर्वे कराकर जहॉ जहॉ अतिक्रमण व गहराई कम है उसकी खुदाई कराने का कार्य किया जायेगा तथा गोमती से लगे तालाबों की खुदाई कराई जायेगी जिससे की जल स्तर सुधार हो सके। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों और लोगों का सहयोग मिल रहा है।

जिससे नदी का निरन्तर जल प्रवाह हो सके। उन्होंने कहा कि गोमती नदी के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार होगा तथा किसानों को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भी हमसबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

ग्राम प्रधान व स्थानीय लोगों द्वारा सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनुपर, खण्ड विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख़्त कानूनी कार्रवाई की मांग की

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** दिनांक 02 मई 2026 को अक्टक्ट उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली साहब के निर्देश पर, प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी के नेतृत्व में अक्टक्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मौलाना तौसीफ रजा मजहरी प्रकरण को लेकर रेलमंत्री भारत सरकार को बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख़्त कानूनी कार्रवाई की मांग की नदीम कुरैशी ने कहा कि कानून से खिलवाड़ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाये मौलाना तौसिफ रजा साहब की उर्स ए ताजुश्शरिया से वापस जाते समय ट्रेन कुछ खुराफाती तत्वों ने बरेली के कैन्ट अन्तर्गत चनहेटी पर हत्या कर फेक दिया था।

ज्ञापन में प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी, जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम एडवोकेट, शादाब एस के, अन्ने सकलैनी अल्ताफ हुसैन, मो फरमान गुड्डू अलवी, मौलाना जाहिद, अनवर चौधरी, निजाम अंसारी, मुजाहिद भाई, बली हसन, जीशान मंसूरी जिला, इलियास कुरैशी, नसीम खान, मो आमिर, अमजद खान, युवा, मोनिस कुरैशी, उवैस खान, रिफाकत खान, अमजद कस्सार, नासिर अजारी, नदीम मंसूरी, मुन्ने बक्श अंसारी, जावेद खान, तौसिफ खान, दानिश कुरैशी, चाँद आदि मौजूद रहे।

# बुलेट वाले हो जाएं सावधान, पुलिस कर रही धड़ाधड़ चालान

लुकमान खान

**शाहजहांपुर(वेलकम इंडिया)।** खुटार बुलेट (Bullet) प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है! मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर पटाखे (Cracker sound) छोड़ने वाली बुलेट और अन्य बाइकों के खिलाफ पुलिस ने देश भर में धड़ाधड़ चालान काटने का विशेष अभियान छेड़ दिया है।

2026 की ताजा रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस अब केवल चेतावनी नहीं, बल्कि 10,000 से 35,000 रुपए तक का भारी-भरकम चालान काट रही है और गाड़ियां सीज भी की जा रही हैं।

ऐसा ही एक मामला यूपी के जनपद शाहजहांपुर के थाना क्षेत्र खुटार से आया है जहां पर एक युवक अपनी बुलेट लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा में आया था लेकिन उसी समय दूसरा बुलेट चालक तेज गति से अपनी बुलेट पर पटाखे फोड़ते हुए निकल गया जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो जिस युवक ने पटाखे फोड़े थे वह तो नहीं मिला लेकिन दूसरे युवक की बाइक बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने मिल गई जिसे पुलिस ने चलवा कर देखा तो उसका भी साइलेंसर मोडिफाइड निकला इस पर थाना खुटार के एसएसआई सुभाष चंद्र ने 5500 का चालान काट दिया। पुलिस द्वारा चालान काटे जाने से बुलेट प्रेमियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुलिस की सख्ती के मुख्य कारण

**पटाखा साइलेंसर (Modified Silencer):** कानफोड़ू आवाज करने वाले साइलेंसर।

**स्टंट और हुड़दंग:** चलती सड़क पर स्टंट करना। दस्तावेजों में कमी: वैध ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस या पॉल्यूशन सर्टिफिकेट का न होना।

# हनीट्रैप, ब्लैकमेलिंग और कत्ल का खूनी खेल: सहारनपुर पुलिस ने किया डूडा अधिकारी और उनकी साथी के दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश

राजीव कुमार





**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जनपद की पुलिस ने एक ऐसी उलझी हुई आपराधिक साजिश का पदार्फाश किया है जिसने रिश्तों, लालच और अपराध के गठजोड़ को बेनकाब कर दिया है। एसएसपी अभिनंदन सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि थाना मिजार्पुर, बड़गांव और स्वाट-सर्विलांस की संयुक्त टीम ने दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए दो हत्यारोपियों, सुधारस और कपिल को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले की शुरूआत जनपद मथुरा के एक कीमती प्लॉट के विवाद और 25 लाख की भारी-भरकम ब्लैकमेलिंग से हुई थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक राखी ने मुख्य आरोपी सुधारस की एक आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी थी और इसी के एवज में उसे डूडा अधिकारी विक्रान्त की हत्या के लिए मजबूर किया।

योजना के तहत सुधारस और राखी ने मिलकर पहले विक्रान्त की गोली मारकर हत्या की और शव को बड़गांव क्षेत्र की नदी में फेंक दिया। लेकिन अपराध की यह कहानी यहीं खत्म नहीं हुई; जब बागपत पुलिस ने विक्रान्त की गुमशुदगी के मामले में राखी से पूछताछ की, तो वह घबरा गई और उसने सुधारस को ही सारा राज खोलने की धमकी दे डाली। खुद को फंसता देख सुधारस ने अपने साथी कपिल के साथ मिलकर राखी को रास्ते से हटाने की साजिश रची और उसे पार्टी के बहाने सहारनपुर लाकर हथौड़े और चाकू से उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए न केवल अज्ञात महिला (राखी) के शव की शिनाख्त की, बल्कि कड़ियों से कड़ियां जोड़ते हुए हत्या में प्रयुक्त टाटा नैक्सोन कार, लाइसेंसी पिस्टल, हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा-चाकू और खून से सनी टी-शर्ट भी बरामद कर ली। प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह और उनकी टीम की इस बड़ी कामयाबी ने यह साफ कर दिया है कि अपराधी चाहे कितनी भी सफाई से राज छिपाने की कोशिश करे, कानून के हाथ उन तक पहुँच ही जाते हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजकर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# प्लाट के नाम पर पौने छह लाख की ठगी का आरोप, न्याय की गुहार लेकर समाधान दिवस पहुँचा पीड़ित

लुकमान खान

**पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है।ग्राम नारायणपुर निवासी एक व्यक्ति ने दूसरे पक्ष पर प्लाट बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने और अब रजिस्ट्री न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर अपनी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, पीड़ित अहमद हुसैन उर्फ गुड्डू ने मोहल्ला ढका निवासी बाहिद अली मंसूरी से एक प्लाट का सौदा किया था।आरोप है कि पीड़ित ने 3 जनवरी 2022 से लेकर 11 अप्रैल 2025 के बीच किस्तों में कुल 5,70,000 रुपये का भुगतान किया। यह भुगतान चेक और नकदी के माध्यम से किया गया था, जिसका पूरा विवरण पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी जीवन भर की कमाई इस भरोसे के साथ आरोपी को सौंपी थी कि उसे सिर छुपाने के लिए जगह मिलेगी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूरी रकम प्राप्त करने के बाद अब आरोपी बाहिद अली रजिस्ट्री करने में टालमटोल कर रहा है।आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे या रजिस्ट्री का दबाव बनाया, तो आरोपी ने फोन पर अभद्रता की और जानमाल की धमकी दी।पीड़ित ने विपक्षी को दबंग किस्म का व्यक्ति बताते हुए प्रशासन से अपनी सुरक्षा और धन की वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है। समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अब दोनों पक्षों के बीच हुए लेनदेन के दस्तावेजों और बैंक स्टेटमेंट की पड़ताल कर रही है।

# महापौर ने मुख्यमंत्री से की शहर में दो फ्लाई ओवर बनवाने की मांग

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर शहर में दो फ्लाईओवर बनवाने की मांग की। इसके अलावा महापौर डॉ. अजय कुमार ने ढमोला नदी से सिल्ट/गार्बेज/स्लश आदि की सफाई तथा क्रेगी नाले की निर्माण योजना के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए सहारनपुर की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित निवास पर मुलाकात की और उन्हें एक पत्र देकर शहर में दो फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की। महापौर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सहारनपुर में बढ़ती जनसंख्या एवं अत्यधिक टैजफिक होने के कारण नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के दक्षिणी छोर पर गत तीन दशकों से मात्र तीन पुल ही स्थापित है जो शिक्षण संस्थाओं, हॉस्पिटल, न्यायालय, कलक्ट्रेट, विकास भवन व जीएसटी कार्यालय को जोड़ते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए तथा लोगों को अपने सरकारी कार्यो के लिए इन तीन पुलों से ही होकर गुजरना पड़ता है जिस कारण अनावश्यक जाम की स्थिति और विलंब होता है। महापौर ने सदर थाना से लेकर अम्बेडकर चौक तक तथा गुरुद्वारा रोड से रेलवे लाइन को पार कर रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित दक्षिणी केंद्र तक फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन फ्लाई ओवर के निर्माण से शहर में आवागमन सुविधाजनक होगा और लोगों को काफी हद तक जाम से मुक्ति मिलेगी।



मुख्यमंत्री ने इस विषय पर गंभीर दृष्टिकोण दिखाते हुए इस दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत सहारनपुर के शहरी क्षेत्र (शाकुंभरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक) ढमोला नदी से सिल्ट/गार्बेज/स्लश आदि के सफाई कार्यो की परियोजना स्वीकृत कर धनराशि अवमुक्त करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के स्वीकृत होने से जहां नगर निगम और सहारनपुर की जनता का मान बढ़ा है।

# प्रदीप कुमार जोशी जी को नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष, मनोनित किया गया

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** तहसील सदर में जन कल्याण सुरक्षा संघ (JKSS) प्रदीप कुमार जोशी जी को नगर कार्यकारी अध्यक्ष, नगर पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, के पद पर बनाया/मनोनीत किया जाता है,व बनाए जाने पर, हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाए, हम उम्मीद ही नहीं आप पर पूर्ण विश्वास करते हैं कि आप जल्द से जल्द अपने कार्यक्षेत्र सहित पूरे जनपद में पुरुष व महिला टीम का कुशल संगठन खड़ा करने में कामयाब होगी/होंगे, समाज के गरीब दबे कुचले शोषित बंचित किसान मजदूर महिलाओं व कमजोर वर्ग के लोगों की मदद कर उनका हर सम्भव सहयोग कर उन्हें न्याय दिलाने का काम करेगें/करेंगी!

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। जन-जन के सम्मान में-JKSS मैदान में! राष्ट्रीय अध्यक्ष -ब्रहमपाल सिंह, संपर्क सूत्र:- 09410033087 ,




9410203307 , 9410035404

## जन कल्याण सुरक्षा संघ

संस्था से जुड़ने के लिए ऊपर दिए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें एवं अपने आधार कार्ड की दोनों तरफ की फोटो एवं अपना पासपोर्ट साइज का फोटो भेजें!

पोस्ट को लाइक कमेंट शेयर अवश्य करें! जन कल्याण सुरक्षा संघ से पदाधिकारीगणों द्वारा प्रतिदिन एक व्यक्ति जोड़ने का काम किया जाता हैं!

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न





लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान में राजस्व, चकमार्ग सहित अन्य विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। इसके साथ ही तहसील परिसर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निःक्षय शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आधुनिक एक्सरे मशीन का बटन दबाकर शिविर का शुभारम्भ किया। आयोजित महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य चेकअप कैम्प में लोगों की जांच की गई, कैम्प में आधुनिक एक्सरे मशीने से एक्सरे कर तुरन्त रिपोर्ट दी गई।

तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यर्थ बहता जल संकट भरे कल की निशानी: बोहरा

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बाड़मेर राजस्थान।** जल जागरूकता व जल संरक्षण को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर में जल संरक्षण अभियान का आगाज रविवार को प्रातः 10.30 बजे महावीर सर्किल जैन मोहल्ले से होगा। जहां बिना वॉल के नलों व ओपन नलों पर निःशुल्क वॉल लगाये जायेंगे। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थाान की ओर से जल संरक्षण को लेकर पूर्व में भी जल चेतना अभियान के माध्यम से कई जागरूकता कार्यक्रम किये जा चुके है। जिस कड़ी में रविवार से महावीर सर्किल जैन मोहल्ले से प्रातः 10.30 बजे जल संरक्षण अभियान का आगाज होगा। इस अभियान के माध्यम से जहां जन-जन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जायेगा। वहीं मोहल्ले में बिना वॉल के नलों एव बन्द मकानों के ओपन नलों पर निःशुल्क वॉल लगाये जायेंगे। इससे




जहां पानी का अपव्यय रूकेगा वहीं जल की महता के प्रति आमजन में जागरूकता आयेगी। अमन ने कहा कि व्यर्थ बहता जल आने वाले संकट भरे कल की निशानी है। जल संरक्षण अभियान के तहत प्रतिदिन एक वार्ड का भ्रमण व निरीक्षण का बिना वॉल के नलों पर वॉल लगाये जायेंगे तथा आम नागरिकों को जागरूक कर इस अभियान से जोड़ा जायेगा।

# बापू मॉल को लगातार संघर्ष करते हुए व्यापार मंडल ने दुकान आवंटित करने के लिए नगर पालिका से अनुरोध किया

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि बापू मॉल को लगातार संघर्ष करते हुए व्यापार मंडल ने दुकान आवंटित करने के लिए नगर पालिका से अनुरोध किया था 14 वर्ष पूर्ण हो गए बापू मॉल को निर्माण किए हुए भी जिसकी अनुमानित लगा 24 करोड़ 96 लाख की है।




तैयार बापू माल आज दिवस तक भी शुरू नहीं हो पाया है नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना मामून व अध्यक्ष पति मामून शाह खामोश है बापू मॉल की दुकान है नगर पालिका परिषद के लिए बड़ी शर्म की बात है कि बापू मॉल चालू नहीं कर पा रहे हैं लगभग इस माल में 400 से अधिक दुकानों का आवंटन पूर्ण नहीं हो पाया है।

लोग तपती हुई धूप में ठेले चला कर धक्के खा रहे हैं और साथ ही जगह-जगह चबूतरे पर बैठे हुए गरीब फुटकर व्यापारी सड़कों की धूल खा रहे हैं लेकिन उनको दुकान नहीं मिल पा रही है इसी संबंध में हाउस टैक्स का वॉटर टैक्स में 50% गुना दर बढ़ा दी गई है।

जो कि गरीब आदमी के बस की बात नहीं है जो इसको बर्दाश्त कर पाए लेकिन नगर पालिका का इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं है हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स समाप्त होने से जनता को राहत मिलेगी साथ ही व्यापार मंडल लगातार पिछली काफी समय से आवाज उठा रहा है और उठाता रहेगा इसकी वजह यह है कि रामपुर में उद्योग धंधों का अभाव है व बेरोजगारी चरम पर है।

# महिला थाना, रामपुर में किया गया परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर सोमेन्द्र मीना के आदेशानुसार महिला थाना रामपुर में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया । जिसमे पति-पत्नी से संबंधित विवादों मे काउन्सलिंग करायी गयी । आज 11 प्रकरण समीति द्वारा सुने गये ।

जिसमें 03 प्रार्थना पत्रो में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया गया, 04 पत्रावली निरस्त की गयी व 02 पत्रावली माननीय विधिक न्यायालय प्रेषित की गयी तथा 02 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर, काउन्सलर अवतार सिंह, डा0 किसवर जहां, नीना साहनी काउन्सलिंग में उपस्थित रहे ।

# डीएम एवं एसएसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

## तहसील गोवर्धन में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 68 शिकायतें प्राप्त 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**मनोज शर्मा**



**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील गोवर्धन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

गोवर्धन तहसील समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुने। उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए।

उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार ने बताया है कि गोवर्धन तहसील में 68 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी मांट दीपिका मेहर ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 5 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन ऊषा सिंह ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में 30 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 का मौके पर निस्तारण हुआ।

उप जिलाधिकारी सदर आदेश कुमार ने अवगत कराया है कि सदर तहसील में 62 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 7 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

# धूमधाम से मनाया हरिवंश महाप्रभु का छठी उत्सव

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि हिताचार्य पीठ (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम में शनिवार को महाप्रभु का 'छठी उत्सव' अगाध श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूचा मंदिर प्रांगण श्रीराधा नाम संकीर्तन और बधाई गायन व भजनों से सराबोर नजर आया। उत्सव का शुभारंभ पारंपरिक समाज गायन के साथ हुआ। वृंदावन और देश के अलग-अलग प्रान्तों से आए भक्तों ने मधुर वाणी में हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्य और छठी की बधाई के पदों का गान किया। जैसे ही बाद ग्राम के समाजियों ने ₹आवौ री मिलि छठी पुजावौ...₹ के पद गाए गए, मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए एवं सखियों ने अद्भुत नृत्य किया। महामंडलेश्वर श्रीमहंत श्रीहित लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में छठी उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए हिताचार्य पीठ के महंत दम्पति शरण महाराज ने कहा कि हरिवंश महाप्रभु के इस छठी उत्सव में बड़ी संख्या में महामंडलेश्वर और संत-महंतों का आगमन हिताचार्य पीठ में हुआ है, संतों के आशीर्वाद और भक्तों के निस्वार्थ प्रेम ने इस उत्सव को अलौकिक स्वरूप प्रदान किया है। संतों के पावन सानिध्य ने छठी उत्सव को दिव्य एवं भव्य बनाया है। छठी उत्सव में आए सभी भक्तों ने विशेष प्रसादी ग्रहण की है। मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तरकर ने बताया कि उत्सव में सम्मिलित होने के लिए विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में भक्त बाद ग्राम पहुँचे हैं, छठी उत्सव के संपन्न होने के साथ ही हिताचार्य पीठ में अब 'दषोठन महोत्सव' की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस आगामी कार्यक्रम में प्राचीन परंपरा के अनुसार होने वाला 'ढाँढ़-ढाँढ़िन' का नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

# मैं अकरम खॉन पुत्र बसीर अहमद निवासी 86 नगला तंदुला थाना हाथरस गेट

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**हाथरस।** जिला हाथरस यह घोषित करता हूँ कि मेरा पुत्र जीशान खॉ जो कि निवासी नगला टुंडला पर रह रहा है जो कि मेरे कहने व मेरी इच्छा के विरूद्ध कार्य कर रहा है वह गलत सौहवत में पड गया है।

जो कि कभी कोई घटना कर सकता है खतरनाक किस्म का नशा करता है और मेरे व मेरे परिवार के साथ असहयोग व सम्मान नही कर रहा है। आज के बाद कोई रिश्ता मेरे कहे अनुसार मेरे पुत्र जीशान के साथ नही होगा।

अतः मैं अपने पुत्र जीशांन को अपनी स्वअर्जित चल/अचल सम्पत्ति जो कि मकान दुकान खेत पैसा घरेलू सामान पता नगला टुंडला थाना हा० गेट जिला-हाथरस पर स्थित है।

उसे बेदखल करता हूँ आज के बाद जीशांन का उक्त सम्पत्ति / जायदाद में कोई अधिकार या हिस्सा नही होगा और हिस्से का लेना-देना नही होगा।

कतई कोई व्यक्ति संस्था या बैंक इनके साथ मेरी सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन करता है तो वह अपने जोखिम पर होगा और उसके लिए मैं या मेरी सम्पत्ति उत्तरदायी नही होगी।

# व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने पर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का फूंका पुतला

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बागेश्वर।** व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने देशवासियों को महंगाई की मार दी है, अचानक व्यवसायिक गैस सिलिंडरों के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से देश मे आमलोगों पर महंगाई का असर पड़ने, के साथ ही इसका प्रभाव अन्य चीजों पर भी पड़ने, केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई योजनाओं का दिखावा कर पर्दे के पीछे से गरीबों पर महंगाई की मार और अमीरों की जेब मे बढ़ोत्तरी करने के आरोप लगाए।कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए व्यवसायिक सिलेंडर के दाम बढ़ाकर बाजार में खाद्य पदार्थो के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी होने की बात कही। नाराज कांग्रेसी कार्यकताओं ने विरोध दर्ज करते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। केंद्र सरकार को आम आदमी की समस्या से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। केंद्र सरकार केवल जुमलेबाजी करते हुए धर्म विशेष की राजनीति कर देश को धर्म विशेष का अखाड़ा बनाकर नफरत की राजनीति करते हुए केवल भड़काऊ भाषणों, से कांग्रेस को बदनाम कर केवल सिर्फ चुनाव जीतने के षड्यंत्र में जुटी हुई है। देश मे गरीबों का जीना मुहाल हो गया है, महंगाई भृस्टाचार, और जुमलेबाजी से देशवासी त्रस्त हो चुके हैं। कांग्रेस ने जल्द बढ़े हुए व्यवसायिक सिलेंडर के दाम घटाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में बेतहासा वृद्धि की है। इसका असर आम आदमी के जीवन पर पड़ेगा। चाय से लेकर गरीब की थाली से निवाला छीना जा रहा है। गर्मियों के पर्यटक सीजन चरम पर रहता है, लेकिन बढ़ती महंगाई से पर्यटन कारोबार को भी गृहण लगने की आशंका बढ़ गई है। गैस के दाम बढ़ने पर होटल कारोबारियों ने मजबूरन अपने मीनू पर लिखे दाम बड़ा दिए हैं। कई छोटी ठेली लगाने वाले कारोबार बंद करने की कगार पर पहुंच गए हैं। सबका साथ सबका विकास का नारा खोखला साबित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार ने बढ़े दाम वापस लेने की मांग की। इसके बाद केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक,बालकृष्ण टम्टा, भगवत डसीला,सुंदर सिंह, विनोद पाठक,ईश्वर पांडे, हरीश त्रिकोटी,ललित गिरी गोस्वामी,पूरन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# होमगार्ड भर्ती में एससी वर्ग की उपेक्षा के आरोप

## एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने जताई आपत्ति

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड में होमगार्ड भर्ती को लेकर आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय पर होम गार्ड भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां जताई हैं। एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय, देहरादून द्वारा 28 अप्रैल 2026 को जारी विज्ञापन में कुल 920 पदों का उल्लेख किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग को मात्र 48 पद आवंटित किए गए हैं, जबकि 19 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार इस वर्ग को करीब 175 पद मिलने चाहिए थे। वहीं, 10 प्रतिशत आरक्षण वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 87 पद दिए जाने से भी असंतोष और बढ़ गया है।

इस असंतुलन को लेकर सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने आरक्षण नीति के सही पालन, पारदर्शिता और संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं, बल्कि समान अवसर और सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। आरोप है कि प्रदेश में यह पहली बार नहीं है, जब भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों की अनदेखी हुई हो। इससे पहले भी कई विभागों की भर्ती में ऐसी विसंगतियां सामने आ चुकी हैं।

# नादऊ में बुद्ध पूर्णिमा पर उमड़ा जनसैलाब, प्रभात फेरी ने दिया शांति और समरसता का संदेश

**मयूर खान**



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा के जलेसर रोड स्थित नादऊ क्षेत्र में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर समिति एवं भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में पूरे गांव में एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रभात फेरी के दौरान भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा और करुणा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। 'जय भीम' और 'नमो बुद्धाय' के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बन गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, समानता और जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रभात फेरी ने लोगों को न केवल बुद्ध के विचारों से जोड़ने का कार्य किया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकजुटता का मजबूत संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में भीम आर्मी के पदाधिकारी चंद्रपाल बौद्ध, हरिकिशन पिप्पल, डॉ. तुषार पिप्पल, करन राज, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शिवम नरेंद्र सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। वहीं डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर समिति नादऊ के सदस्य रोहित जयंत, कुलदीप, प्रदीप, गौरव जयंत, योगेंद्र, मुकेश, सचिन, जय कुमार, बॉबी, अनिकेत, सत्यम और अवधेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

उपस्थित सभी लोगों ने एकता और भाईचारे का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। यह प्रभात फेरी न केवल एक धार्मिक आयोजन रही, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरित करने वाला एक सशक्त प्रयास साबित हुई।

# आगरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ऑपरेशन अस्मिता के तहत अवैध धर्मांतरण नेटवर्क पर करारा प्रहार



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में कमिश्नरेट आगरा पुलिस ने 'ऑपरेशन अस्मिता' के तहत अवैध धर्मांतरण से जुड़े एक संगठित नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिल्ली और राजस्थान में एक साथ दबिश देकर अंजाम दी गई, जिससे पूरे गिरोह की गतिविधियों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, सदर बाजार थाने में दर्ज मामले की जांच के दौरान महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य और गवाहों के बयान सामने आए। इन्हीं आधारों पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने छह विशेष टीमों का गठन किया।

इन टीमों ने सुनियोजित रणनीति के तहत अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि आरोपी एक संगठित नेटवर्क के तहत काम कर रहे थे।

यह नेटवर्क आपसी संपर्क, संसाधनों के प्रबंधन और नए लोगों को जोड़ने जैसी गतिविधियों में सक्रिय था। पुलिस का कहना है कि इससे पहले भी इसी मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नेटवर्क काफी व्यापक था।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और तकनीकी जांच के माध्यम से पूरे मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है।

# पानी की टंकी पर रील बनाने गए तीन बच्चे सीढ़ी टूटने से गिरे: एक की मौत, दो घायल, दो टंकी के ऊपर फंसे

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** रील बनाने के चक्कर मे 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े तीन बच्चे सीढ़ी टूटने से नीचे गिर गए। इनमें एक की मौत हो गई, दो घायल हैं। दो अभी ऊपर ही फंसे हुए हैं। उन्हें उतारने के लिए अफसरों ने क्रेन बुलवाई है।हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी अभिषेक महाजन मौके पर पहुंचे। त्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। हादसा जिला मुख्यालय स्थित काशीराम आवास कॉलोनी का है। बताया जाता है कि मोहाने का रहने वाला बाले (12) अपने रिश्तेदार अपने मौसेरे भाई दीपचंद के घर कांशीराम आवास आया था। आज दोपहर करीब 3 बजे वो पड़ोस के लड़के गोलू (15), शनि (11), कल्लू (15) और पवन (16) के साथ आवास के पास ही पानी जर्जर पानी की टंकी पर रील बनाने के चढ़ गए। ऊपर थोड़ी देर रुकने के बाद सभी एक एक नीचे आने लगे। तभी अचानक 4 सीढ़ी उतरने के बाद ही जर्जर जीने टूट गए। जिसके चलते बाले, शनि और गोलू नीचे आ गिरा। बाले के ऊपर सीढ़ी का मलबा भी गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि शनि और गोलू घायल हो गए। जबकि कल्लू और पवन ऊपर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन फानन में लोगों ने गोद में उठाकर घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां बाले को डॉक्टरों को मृत करार दे दिया। सूचना के बाद मौके पर डीएम, एसएसपी समेत कई अफसर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। मौके पर पोकलेन बुलाकर मलबा हटाया गया। जहां पर हादसा हुआ है वहां नीचे पानी भरा है। जिसके चलते रेस्क्यू में परेशानी हुई। पोकलेन मशीन और डंपर के सहारे मलबा हटाया गया। उसके बाद ऊपर फंसे दोनों बच्चों को उतारने के लिए गोरखपुर से फायर ब्रिगेड की लिफ्ट बुलवाई गई। करीब ढाई घंटे बाद पहुंची लिफ्ट की मदद से दोनों बच्चों को उतारने का प्रयास किया जा रहा है।राहत बचाव के लिए लगभग फायर ब्रिगेड और पुलिसकर्मी मिलाकर लगभग 100 लोग मौजूद हैं। मौके पर तीन जेसीबी एक पोकलेन रास्ता बनाने में जुटी है। मौके पर एसडीआरएफ समेत कई थानों का फोर्स और एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार, सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य व एडीएम गौरव श्रीवास्तव मौजूद हैं। बताया जाता है कि जिस टंकी पर बच्चे चढ़े थे वो करीब 26 साल से बंद है। जर्जर होने के चलते उसको प्रयोग में नहीं लिया जा रहा था। हालांकि उसपर चढ़ने से रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई बोर्ड या सूचना नहीं दी गई थी।

# मुठभेड़ में चैन स्नेचर गैंग का पदार्फाश, चार शातिर गिरफ्तार

**असदुल्लाह सिद्दीकी**







**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में नारी सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।चिल्हिया व शोहरतगढ़ पुलिस तथा एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान चैन स्नेचर गैंग के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन मंगलसूत्र, एक अवैध देशी तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, दो मोटरसाइकिल और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### कपिया चौराहे की घटना से खुली कड़ी

27 अप्रैल 2026 को थाना चिल्हिया क्षेत्र के कपिया चौराहे पर महिला से मंगलसूत्र छिनैती की घटना हुई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की थी। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के निर्देशन में टीम लगातार सक्रिय थी।

### घेराबंदी के दौरान मुठभेड़, एक घायल

एक/दो मई की रात शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि संदिग्ध बदमाश नौगढ़ से चिल्हिया की ओर भाग रहे हैं। सनई-चिल्हिया मार्ग पर कटया गांव के पास घेराबंदी की गई। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे और बाइक गिर गई। पुलिस के रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश अब्दुल्ला उर्फ ललाऊ घायल हो गया, जबकि तीन अन्य को दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

### पूछताछ में कबूली कई वारदातें

गिरफ्तार आरोपितों में अब्दुल्ला उर्फ ललाऊ, उस्मान मलिक, मोहम्मद शकील उर्फ जुबेर और सभाराज यादव शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे अपने साथियों दिनेश उर्फ दीना व सुग्रीव के साथ मिलकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेकी कर महिलाओं को निशाना बनाते थे। कपिया चौराहे, खड़सरी मार्ग व अन्य स्थानों पर हुई छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

### अपराधिक इतिहास भी खंगाला

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कोतवाली बांसी, गोल्हौरा और चिल्हिया थानों में दर्ज छिनैती व अन्य धाराओं के मुकदमे शामिल हैं। हालिया मुठभेड़ में पुलिस पर फायरिंग के मामले में भी नया मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ऑपरेशन कवच: भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त चेकिंग अभियान, संदिग्धों की हुई सघन जांच

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा 'ऑपरेशन कवच' के तहत विशेष संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सीमा क्षेत्र में सघन तलाशी और जांच की गई।

जानकारी के अनुसार, 43वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी धनगढ़वा के जवानों ने पुलिस बल के साथ मिलकर यह अभियान संचालित किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

चेकिंग के दौरान सीमा से होकर गुजरने वाले लोगों, वाहनों और उनके सामान की गहन जांच की गई। सुरक्षा बलों ने यात्रियों से पूछताछ करते हुए उनके पहचान पत्रों का सत्यापन किया। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि सीमा क्षेत्र में समय-समय पर इस प्रकार के विशेष अभियान चलाए जाते हैं, जिससे तस्करी, अवैध आवाजाही और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान एसएसबी और पुलिस के जवानों ने आपसी समन्वय और सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

# डीएम की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुनी गई फरियादियों की शिकायतें

## समस्त अधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों/संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारणः डीएम

मु. परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर निस्तारण योग्य प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराया गया तथा शेष प्रकरणों को नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 08 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया।

07 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया।




उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद हृदय राम तिवारी, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, नायब तहसीलदार हरेराम यादव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में धनघटा तहसील में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) जयप्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

उन्होंने विभिन्न मामलों से सम्बंधित समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, जमीन की पैमाईश, अतिक्रमण, वरासत एवं खतौनी में किसी भी प्रकार के त्रृटियों से सम्बंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सम्बंधित कर्मचारी के साथ मौके की जांच कर एवं उभय पक्षों की बात को सुनते हुए नियमानुसार निस्तारित कराया जाए।

तहसील धनघटा में कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा रविकान्त चौबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय मिश्र, तहसीलदार राम जी व राजस्व निरीक्षक सहित तहसील के राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूण कुमार द्वारा की गई। उन्होंने राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित विभिन्न मामलों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में आवश्यकतानुसार स्थलीय जांच की जाए तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित की जाए।

तहसील मेंहदावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 67 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से उप जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करवाते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए अबिलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। 06 प्रार्थना पत्रों के सापेक्ष प्रकरणों में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण करने हेतु टीम भेजी गई। इस अवसर पर तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोल गंगेरू में लगे गंदगी के ढेर

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू में गंदगी के ढेर लगे हुए, गाव के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक शौचालयों और सरकारी हैंडपंपों के आसपास लगे कूड़े के ढेरों से उठ रही दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। क्षेत्र के गांव गंगेरू में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव के मुख्य मार्गों के किनारे, सार्वजनिक शौचालय के सामने तथा सरकारी हैंडपंपों के आसपास कूड़ा-कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। इससे उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई है। गांव के ही सैयद मोहम्मद आलम ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चला रही हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का



सपना है कि भारत स्वच्छ और सुंदर देश बने और स्वच्छ भारत मिशन अभियान भी चला रखा है लेकिन गांव में साफ-सफाई की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार लोगों की लापरवाही और निगरानी के अभाव में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ग्रामीण मोहम्मद शाहिद ने प्रशासन से संबंधित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने और कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि जागरूकता और सख्ती से ही गांव को स्वच्छ रखा जा सकता है।

# शिक्षा समाज और व्यक्तिगत विकास की नींव हैः मुमताज अहमद

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बुद्धा मिशनरी स्कूल महुआरी में बोर्ड परीक्षा में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम रखा जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री मुमताज अहमद जी ब्लॉक प्रमुख (सेमरियावां) ने छात्रों संबोधित करते हुए कहा शिक्षा समाज और व्यक्तिगत विकास की नींव है। तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राम शब्द (पूर्व पंचायतीराज अधिकारी) ने कहा कि शिक्षा वह अनमोल धन है, जिसका कोई बंटवारा नहीं कर सकता जितना हो सके निरन्तर इसी प्रकार आगे बढ़ते रहे। विद्यालय संचालक सौरभ दिनकर जी ने अपने सबसे छात्रों को सम्मानित करने के साथ हाईस्कूल में कड़ी मेहनत से सर्वाधिक अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त करने





वाली छात्रा रोशनी कुमारी को 5000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान किये तथा 12वी की छात्रा खुशी गुप्ता को भी विशेष सम्मान से सम्मानित करते हुए सभी मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि छात्र अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किये है तथा एक विद्यार्थी की सफलता के पीछे शिक्षको के मार्गदर्शन के साथ साथ अभिभावकों के त्याग और प्रोत्साहन का सबसे बड़ा योगदान होता हैं। इस मौके पर अजय कुमार गौतम, राम तिलक भारती, उमरेंद्र विक्रम, अब्दुल बासित, राम स्वरूप, राकेश सिंह, प्रवेश कुमार, स्वेता श्रीवास्तव, अम्पू भारती आदि विद्यालय के समस्त अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट छात्राएं सम्मानित



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. बृजभूषण ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की। वहीं नुक्कड़ नाटक व घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने वाली छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि देश में तेजी से एक्सप्रेसवे और सड़कें विकसित हो रही हैं, लेकिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने छात्राओं से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. श्याम बाबू ने किया।इस मौके पर छात्राएं एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई,दो गिरफ्तार

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार सुबह ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए दो महिलाओं को भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। वहीं, अन्य तस्करों की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है।नगर और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर पुलिस सतर्क है। नशे की चपेट में आकर युवा वर्ग अपराध की ओर बढ़ रहा है और चोरी सहित अन्य घटनाओं को अंजाम दे रहा है। नशे की रोकथाम के लिए डीआईजी सहारनपुर के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और उप निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर मार्ग से बानो पुत्री रईस को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई।दूसरी ओर पुलिस ने मोहल्ला खेल में छापेमारी कर रेशमा नाम की महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद की गई।




रेशमा नाम की महिला पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जा चुकी है। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना महुली का किया औचक निरीक्षण, साफ सफाई पर जताई गयी प्रसन्नता, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना महुली का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों एवं पुलिस कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया ।निरीक्षण के क्रम में थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा सीसीटीएनएस कार्यों की समीक्षा की गयी । अभिलेखों के रख-रखाव को व्यवस्थित रखने एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु



सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं आगंतुकों के साथ व्यवहार का भी निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अनुशासन बनाए रखने एवं आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया ।इस दौरान महिला सुरक्षा के दृष्टिगत पिंक बूथ एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया साथ ही, बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए । तत्पश्चात थाना महुली पर नवनियुक्त पुरुष एवं महिला आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गयी, इस दौरान सभी नवनियुक्त आरक्षियों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, कर्तव्यों, अनुशासन एवं जनसेवा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी ।साथ ही उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया ।ब्रीफिंग के दौरान नवनियुक्त आरक्षियों से संवाद स्थापित कर उनके ठहरने, खाने-पीने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

# देश की वास्तविक समृद्धि गांवों के विकास से ही संभव हैः अब्दुल्लाह खान

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** देश की वास्तविक समृद्धि गांवों के विकास से ही संभव है । इसी सोच के साथ उन्होंने न केवल अपने व्यवसाय की स्थापना गांव में की, बल्कि फ्रेंचाइजी मॉडल के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने की पहल भी की। उक्त बातें रिलेक्सो डोमस्वेयर कंपनी के निदेशक अब्दुल्लाह खान ने बरगदवा कला स्थित कंपनी ऑफिस में एक मुलाकात में कहीं।

उन्होंने बताया कि एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने यह तय किया कि उनका व्यवसाय केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा । इसके बजाय उन्होंने गांवों में रिलेक्सो डोमस्वेयर की फ्रेंचाइजी शुरू कर स्थानीय युवाओं और व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर दिया।



इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली ।

उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के विचार से प्रेरित है, जिसमें गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर ही देश को मजबूत बनाने की कल्पना की गई है । फ्रेंचाइजी के माध्यम से आज गांवों के युवा स्वयं व्यवसायी बन रहे हैं और दूसरे लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं ।

आज रिलेक्सो डोमस्वेयर कंपनी अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ-साथ ग्रामीण फ्रेंचाइजी नेटवर्क के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी पहचान बना रही है ।

कंपनी की यह नीति है कि हर फ्रेंचाइजी को प्रशिक्षण, विपणन सहयोग और गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी सुविधा दी जाए, ताकि गांव से निकला उत्पाद वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि उनकी सफलता की असली कहानी शहरों से नहीं, बल्कि गांवों की गलियों से निकली है । उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नौकरी की तलाश में गांव छोड़ने के बजाय गांव में ही उद्यमिता अपनाएँ और देश के विकास में भागीदार बनें।

# खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने युवती भगाने के मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 ध्रुवनारायण यादव, का0 धर्मेन्द्र कुमार गौड़, म0का0 दुर्गावती खरवार ने दिनाँक 02.05.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 331/2026 धारा 137(2)/87/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र रामदवन निवासी रसहरा उर्फ दशहरा थाना को0 खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को नेदुला चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# गोली मारकर युवक की हत्या, हादसा दशार्ने की रची गई साजिश

## पीएम रिपोर्ट में खुला राज, चौकी के सामने एंबुलेंस में शव को लेकर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों का हंगामा

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गांव खंद्रावली के निकट बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को सड़क हादसा साबित करने की कोशिश की गई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली लगने की पुष्टि होने पर मामले का खुलासा हो गया। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार सुबह चौकी के सामने एंबुलेंस में शव लेकर पहुंचे औरं हंगामा शुरू कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बाद में पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर हंगामा कर लोगों को शांत किया। पुलिस ने हत्या आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी 24 वर्षीय आशु पुत्र रविंदर



शामली के एक निजी अस्पताल में कार्यरत था। शुक्रवार शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया गया कि गांव के निकट चौकी से कुछ दूरी पहले ही अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शुरूआती तौर पर मामला







### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतक आशु पांच भाई–बहनों में शामिल था। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि छोटा भाई पिंकू दिव्यांग बताया गया है। पिता रविंदर पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत हैं। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस की मौजूदगी में गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कराया गया।

सड़क दुर्घटना का माना गया। पुलिस ने भी युवक को हादसे में घायल समझते हुए शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के सिर में गोली लगने की पुष्टि होने पर परिजनों में आक्रोश फैल गया। शनिवार सुबह सैकड़ों ग्रामीणों के साथ परिजन हाईवे स्थित चौकी के सामने पहुंचे और एंबुलेंस में शव को लेकर पहुंचते ही हंगामा शुरू कर दिया।

### हर पहलू पर जांच में जुटी पुलिस

ग्रामीणों के अनुसार आशु का किसी से कोई विवाद या रंजिश नहीं थी। युवक का व्यवहार सामान्य और मिलनसार बताया जा रहा है। ऐसे में हत्या की वजह को लेकर कई तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए हत्याकांड के खुलासे में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मृतक के दोस्तों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई है।

# ट्रेन में चढ़ते समय फिसला यात्री, ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर घायल

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरिद्वार से दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन रेलवे स्टेशन पर रुकी हुई थी। इसी दौरान एक यात्री ट्रेन से उतरकर स्टेशन पर कुछ सामान लेने चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तभी ट्रेन चल पड़ी। यात्री ने जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत



गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार घायल व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। तलाशी के दौरान उसके पास से हरिद्वार से उदयपुर सिटी तक का रेलवे टिकट बरामद हुआ है। जीआरपी पुलिस को सूचना देकर घायल की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। सरकारी चिकित्सक डॉ. जितेश कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है तथा मामले की सूचना जीआरपी को दे दी गई है।

# उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के दूसरे दिन 180 वक्ताओं ने रखे विचार

## माय भारत संग युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर,युवा संसद में दिखा अमृत काल का भारत

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी /लखनऊ(वेलकम इंडिया)।** लखनऊ में ऐतिहासिक उत्तर प्रदेश विधान सभा के मुख्य मंडप में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के दूसरे दिन 180 युवा वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।यह आयोजन मेरा युवा भारत,उत्तर प्रदेश (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद) के अंतर्गत किया जा रहा है यह पहल पूरे देश में प्रत्येक राज्य की विधानसभाओं में आयोजित की जा रही है।साथ ही मेरा युवा भारत,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के विभिन्न ब्लॉक,गांव एवं जिलों में भी इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक वक्ता को निर्धारित तीन मिनट में अपनी बात रखनी थी लेकिन इन तीन मिनटों में जो गहराई,दृष्टि और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई दी,उसने पूरे विधानमंडप को बार-बार तालियों से गुंजायमान कर दिया। प्रदेशभर के जनपदों में माय भारत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में ये चयनित युवाओं ने माय भारत संग जुड़कर 'विकसित भारत' के संकल्प को स्वर दिया।

दूसरे दिन की विशेषता यह रही कि युवाओं के विचारों में और अधिक गहराई,तथ्यात्मक मजबूती और समाधान आधारित दृष्टिकोण देखने को मिला जहां पहले दिन विचारों की प्रस्तुति प्रमुख थी वहीं दूसरे दिन उन विचारों को नीति, क्रियान्वयन और प्रभाव के स्तर पर जोड़ने का प्रयास स्पष्ट दिखाई दिया। माय भारत द्वारा राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 हेतु निर्धारित विषय केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना पर युवाओं ने रोजगार, स्टार्टअप इकोसिस्टम,डिजिटल इंडिया ,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,ग्रामीण विकास,महिला सशक्तिकरण,हरित अर्थव्यवस्था और स्किल डेवलपमेंट जैसे विभिन्न आयामों को जोड़ते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों ने अपने विचारों में इस बात को प्रमुखता से रखा कि इस बजट की आधारशिला माय भारत द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2026 के दौरान रखी गई,जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से सीधे संवाद कर उनके सुझावों को सुना। युवा वक्ताओं ने बताया कि स्वास्थ्य,उद्यमिता,स्वच्छता,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में युवाओं के दृष्टिकोण को बजट में स्थान दिया गया है। इस संदर्भ में प्रतिभागियों ने केंद्रीय बजट को केवल आर्थिक दस्तावेज न मानते हुए इसे विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में युवाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने वाला माध्यम बताया। कई वक्ताओं ने यह बताया कि केंद्रीय बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं,बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का रोडमैप है जो युवाओं को अवसर देने के साथ- साथ उन्हें विकसित राष्ट्र गढ़ने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। युवाओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब विकास समावेशी,संतुलित और सतत होगा। विकसित भारत 2047' के लक्ष्य और अमृत काल की परिकल्पना के अनुरूप राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है इसमें युवाओं को केवल श्रोता नहीं,बल्कि सक्रिय सहभागी के रूप में मंच प्रदान किया जा रहा है जिससे वे देश की नीतियों और विकास की दिशा में अपनी भूमिका को समझ सकें।

कार्यक्रम का समापन 3 मई 2026 को होगा जिसमें चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित युवा संसद में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे जो उनके लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। प्रदेश के 75 जनपदों से चयनित होकर आए होनहार युवाओं ने भी अपने विचारों और तर्कों से सभी का ध्यान आकर्षित किया।उनकी प्रस्तुति में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का अनूठा संगम देखने को मिला।पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने जब मंच संभाला तो उनके शब्दों में अनुभव,संवेदना और प्रतिबद्धता का संगम दिखाई दिया।यह आयोजन 'विकसित भारत' के उस रोडमैप की झलक बनकर सामने आया,जिसमें गांव,जिला,प्रदेश और राष्ट्र चारों स्तर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।हर भाषण के बाद गूंजती तालियां यह बताने के लिए पर्याप्त थीं कि यह केवल प्रतियोगिता नहीं,बल्कि विचारों का उत्सव है यहां कोई हार- जीत नहीं,बल्कि सीखने,समझने और आगे बढ़ने की भावना प्रमुख थी।प्रतिभागियों ने एक- दूसरे के विचारों को गंभीरता से सुना और नए दृष्टिकोणों को आत्मसात किया।

इस आयोजन का एक भावनात्मक पहलू यह भी रहा कि अधिकांश प्रतिभागी पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे हैं। विधानसभा में प्रवेश करते ही उनके चेहरे पर उत्साह,जिज्ञासा और गर्व का मिश्रण साफ नजर आया। कई युवाओं ने इसे अपने जीवन का 'टर्निंग पॉइंट अनुभव' बताया जहां उन्होंने केवल सुना नहीं,बल्कि लोकतंत्र को जिया। कार्यक्रम का प्रतिदिन उत्तर प्रदेश विधानसभा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है जिसे प्रदेशभर से हजारों लोग देख रहे हैं।

निर्णायक मंडल के रूप में विधायक शशांक वर्मा, विधायिका डॉ.सुरभि एवं डॉ.नीरज बोरा द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जा रहा है उन्होंने युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संसदीय प्रक्रिया,तर्क प्रस्तुति और नेतृत्व कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।इस पहल के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गहराई को समझने,नीति निर्माण में अपनी भागीदारी दर्ज कराने और अपने नेतृत्व कौशल को निखारने का अवसर मिल रहा है वहीं कार्यक्रम का संचालन अनन्या तिवारी एवं मृणाली दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी युवाओं की इस ऊर्जा और प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर माय भारत उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक अनिल कुमार सिंह,राज्य निदेशक गोपेश पांडेय,उप निदेशक विकास कुमार सिंह,उपनिदेशक सोनिका चंद्रा,जिला युवा अधिकारी राम गोपाल सिंह चौहान,जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह,जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता, जिला युवा अधिकारी सीमा पांडेय,सहायक निदेशक रवि दत्त,सहायक निदेशक कुमारी दिव्या,लेखा एवं कार्यक्रम सहायक विशाल सिंह एवं योगेश कुमार उपस्थित रहे।

# जायद मौसम में डिजिटल क्राप सर्वे का हुआ शुभारंभ

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** कृषि विभाग की एग्री स्टैक योजनान्तर्गत जायद मौसम की फसलों के डिजिटल क्राप सर्वे का शुभारंभ हो चुका है। शनिवार को क्षेत्र के सर्वेयरों ने चौबेपुर क्षेत्र के गौरा उपरवार, सुंगुलपुर, दरवेशपुरा, ढांका, चंद्रावती, उगापुर आदि गांवों में क्राप सर्वे का कार्य प्रारंभ किया।इसी क्रम में खण्ड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी ने शनिवार को गौरा उपरवार गांव में कुल 21 खेतों का मोबाइल ऐप के माध्यम में क्राप सर्वे किया।इस सम्बंध में उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने बताया कि जायद मौसम में डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य का शुभारंभ हो चुका है।जनपद के जिन गांवों की मैपिंग हो गयी है उन सभी गांवों में डिजिटल क्राप सर्वे कराया जा रहा है।क्राप सर्वे के लिए कृषि विभाग के तकनीकी सहायक ग्रुप सी,सभी विकास खण्डों के खण्ड तकनीकी प्रबंधक,सहायक तकनीकी प्रबंधक के साथ ही पंचायत विभाग से पंचायत सहायक,राजस्व विभाग से सम्बंधित गांव के लेखपाल को डिजिटल क्राप सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।इसके अतिरिक्त कुछ प्राइवेट सर्वेयरों को भी क्राप सर्वे में लगाया गया है।उप कृषि निदेशक ने बताया कि उपरोक्त सभी कर्मचारियों को गांव के खेतों का डाटा आवंटित करते हुए समय सीमा के अंदर डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य समय से पूरा करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।क्राप सर्वे में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही होने पर सम्बंधित सर्वेयर/कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### क्या है डिजिटल क्राप सर्वे

डिजिटल क्राप सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) मोबाइल ऐप के माध्यम से खेतों में बोई गई फसलों का सटीक, वास्तविक समय का रिकॉर्ड रखने की एक आधुनिक प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य कृषि डेटा को पारदर्शी बनाना, फसलों की जियो-टैगिंग करना और पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं का सही समयपर लाभ पहुँचाना है।

# इंडियन बैंक में एसेट गैर 2026 का हुआ आयोजन




उज्जवल रस्तौगी

मेरठ(वेलकम इंडिया)। Indian Bank द्वारा मेरठ क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित 'एसेट फेयर-2026' Asset Fair-2026 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।

दो दिवसीय इस मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और Uttarakhand की करीब 244 आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों को प्रदर्शित किया गया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 115 करोड़ बताई गई है।

मेले का उद्घाटन Sanjay Kumar Meena ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे पारदर्शी तरीके से संपत्ति खरीदने का यह अवसर निवेशकों और आम नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा।

मेले में संपत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को कानूनी व तकनीकी जानकारी, ऋण परामर्श तथा आकर्षक ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

बैंक अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन सुरक्षित, विवाद-मुक्त और पारदर्शी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रदर्शनी 3 मई तक क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, 55 मॉल रोड, मेरठ छावनी में सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक जारी रहेगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर वाराणसी भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष सविता सिंह द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया और उसके बारे में विस्तार से जानकारी देकर पोस्टर वितरण किया गया। सविता सिंह ने छात्राओं के साथ संवाद किया और उन्हें सशक्तिकरण के बारे में बताया और उन्होंने कहां सशक्त नारी के बिना समग्र विकास संभव नहीं, ऐसे प्रयास सकारात्मक बदलाव लाते हैं।नारी सम्मान देश का अभिमान है व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे संदेशों के जरिए सभी छात्राओं को प्रेरित किया। वही महाविद्यालय के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने कहां की समाज में स्त्री-पुरुष परस्पर पूरक हैं, दोनों की सहभागिता संतुलित व प्रगतिशील व्यवस्था का आधार बनती है।इस अवसर पर सभी छात्राओं ने नारी सम्मान बिल पास करने के लिए एकजुट होकर रहने का संकल्प लिया और नारी सम्मान को विकसित राष्ट्र की पहचान बताया। इस अवसर पर प्रचार्या डॉ. संगीता सिंह, सचिव योगेश सिंह, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ. अंजना सिंह, गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, डॉ. विजय सिंह, स्नेहा मिश्रा, श्वेता देवी, अमृता सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, राजेश सिंह समेत अन्य लोग रहे।

# उत्तर प्रदेश में 7 मई से 21 मई के बीच आयोजित स्व-गणना वैकल्पिक है,जनगणना हेतु प्रत्येक घर तक पहुंचेंगे प्रगणकः शीतल वर्मा

## जनगणना 2027 के संबंध में जानकारी प्राप्त करने टोल फ्री नंबर 1855 स्थापित किया गया है: शीतल वर्मा

संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी/लखनऊ(वेलकम इंडिया)।** लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश की निदेशक तथा मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने 'जनगणना 2027' की तैयारियों तथा प्रक्रियाओ के बारे में मीडिया के साथ जानकारियां साझा की।पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुये मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न होगा।उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 की अवधि में एवं द्वितीय चरण-जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जायेगा उन्होंने कहा कि इससे पूर्व प्रदेश में 7 मई से 21 मई के बीच स्व-गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसे एक अभियान बनाने के लिये जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा प्रत्येक दिन को एक विशेष दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है उन्होंने कहा कि स्व-गणना विकल्प के तहत व्यक्ति अपनी जानकारी ऑनलाइन (se.census.gov.in) स्वयं भर सकते हैं।

शीतल वर्मा ने कहा कि जनगणना में भारत में निवासरत सभी व्यक्ति (नागरिक एवं गैर-नागरिक) की गणना की जाती है उन्होंने कहा कि राज्य में इस कार्य हेतु लगभग 5.25 लाख अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जिसमें 18 मण्डल जनगणना अधिकारी (मंडलायुक्त),75 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिलाधिकारी),17 अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी (नगर आयुक्त),600 जिला स्तर के अधिकारी, 1195 चार्ज अधिकारी (तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी इत्यादि),285 मास्टर ट्रेनर्स,6939 फील्ड ट्रेनर्स तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त लगभग पांच लाख प्रगणक/पर्यवेक्षक शामिल हैं।

मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि 'जनगणना 2027' का कार्य देश में पहली बार पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से कराया जायेगा जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प होगा।मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया में जानकारी भरने के पश्चात एए ID जेनरेट होगा जिसे 22 मई से 20 जून 2026 के दौरान जनगणना कार्य हेतु प्रगणक के घर आने पर एए कऊको प्रगणक के साथ साझा किया जाना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रगणक द्वारा पुष्टि के उपरांत ही मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण होगा। शीतल वर्मा ने कहा कि स्व-गणना अनिवार्य ना होकर ऐेच्छिक है प्रगणक 22 मई से 20 जून 2026 तक की अवधि में प्रत्येक घर जाकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।

शीतल वर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य जनगणना अधिनियम 1948 तथा जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के अंतर्गत संपादित किया जाता है उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों के अनुसार जनगणना में संकलित समस्त व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा इसे किसी से भी साझा नहीं किया जाता है।

श्रीमती वर्मा ने कहा कि टैक्स, पुलिस विभाग आदि के जांच में भी इस जानकारी का उपयोग नहीं किया जा सकता है। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि इसका उपयोग किसी भी प्रकार के साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों का उपयोग समेकित रूप से केवल प्रदेश एवं देश के विकास की योजनाओं को बनाने हेतु किया जाता है।

मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि राज्य में जनगणना 2027 का कार्य 75 जिले,783 नगरीय निकाय एवं 350 तहसीलों के अंतर्गत एक लाख चार हजार ग्रामों में संपादित कराया जायेगा उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य संपादित करने के लिये राज्य में 350 ग्रामीण चार्ज एवं 845 नगरीय चार्ज हैं।मीडिया को जानकारी देते हुये मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने कहा कि इन चार्जों के अंतर्गत लगभग 3,90,000 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाये गये हैं। इन मकानसूचीकरण ब्लॉकों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य संपादित किया जायेगा।

मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने मीडिया से जनगणना से संबंधित जानकारी इन प्रक्रियाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक देशवासी का यह दायित्व है कि वह जनगणना कर्मियों को सही- सही जानकारी साझा करें जिससे सरकार द्वारा जनकल्याण हेतु बेहतर नीतियों का निर्माण किया जा सके।

# युवक ने विश्वसुंदरी पूल से कूदकर दी जान, तीन दिन बाद मिला बॉडी

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के नागेपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी युवक देवा राजभर उम्र (20) वर्ष पुत्र दिनानाथ राजभर बीते तीन दिन पूर्व विश्वसुंदरी पूल से गंगा में कूदकर अपनी जान दे दिया था।जिसका शव शनिवार की सुबह सामने घाट गंगा के रेत पर मिला। मल्लाह की नजर पड़ी तो लंका पुलिस को सूचना दिया।सूचना पर लंका पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर मृतक युवक के परिजनों को घटना की सूचना दिया।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के नागेपुर गांव निवासी दिनानाथ राजभर के तीन पुत्रों व दो पुत्रियों में सबसे छोटा देवा राजभर बीते पांच दिन पूर्व अपनी बहन के घर बाइक से अवलेशपुर गया था।और वहां से तीन दिन पूर्व विश्वसुंदरी पूल पर जाकर बाइक खड़ी कर घर फोन कर के सूचना दिया कि में गंगा में कूदने जा रहा हूं गाड़ी व मोबाइल उठा ले जाइए।

उसी के बाद गंगा में कूद गया।परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस के साथ एनडीआरएफ ने गंगा में काफी खोजबीन की लेकर युवक शव नहीं मिला। उसी बीच शनिवार की सुबह सामने घाट स्थित गंगा में रेत पर शव पड़ा मिला जिसपर मल्लाहों की सूचना पर लंका पुलिस मौके पर पहुंची शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर परिजनों को सूचना दी।

युवक टाइल्स लगाने का कार्य करता था और काफी मिलनसाल था।वही गांव में चर्चा रही कि गांव के ही एक युवती से युवक का प्रेम परचम चलता था करीब एक सप्ताह पूर्व युवक और युवती को मिलते समय युवती का भाई देख लिया था जिसको लेकर विवाद हुआ था युवक उसी समय से तनाव में था और परिवार के लोग समझा बुझाकर बहन के घर भेज दिये थे लेकिन युवक ने जान दे दिया।वही खजुरी चौकी प्रभारी प्रभारी गणेश पटेल ने बताया कि युवक के गायब होने की सूचना थी लेकिन कोई तहरीर परिवार से नही मिला था।

### हादसों का मैन कारण वाहनों पर लगीं, अतिरिक्त लाईट जिम्मेदार मौन

बुगरासी((वेलकम इंडिया))। आजकल काफी दिनों से प्रत्येक वाहन पर अतिरिक्त लाईटें देखने को मिल रही है,जो कि सडक पर होने वाले हादसों का मुख्य कारण हैं। वाहनों पर लगीं ये अतिरिक्त लाईटों की रोशनी इतनी अधिक तेज होती है कि सामने से आने वाले वाहन चालक की आंखे चकाचौंध हो जाती है जिससे चालक को दिखना बंद हो जाता है और हादसे का शिकार हो जाता है। कितने ही वाहनों पर तो एक नहीं अनेक अतिरिक्त लाईटें लगी रहती हैं जिनके कारण भी अक्षर हादसे होते रहते हैं।शासन प्रशासन इस ओर से बिल्कुल बेखबर है कोई कार्रवाई नही कोई जांच पड़ताल नही। विशेष बात कि चालक रात को लाईटों को सामने वाले चालक की आंखों पर मारकर चलते हैं,जिससे अक्षर हादसे होते हैं।सभी जिम्मेदार बेखबर है आखिर क्यों ना हों हादसे,,,,, यहां तो सबकुछ भगवान भरोसे है।

# भगवान श्री परशुराम जी की निकाली भव्य शोभायात्रा

## एक दर्जन से अधिक शोभायात्रा में निकाली गई झांकियां

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मथुरा।** मथुरा जनपद के गोवर्धन तहसील के गांव पैंठा में शनिवार की देर शाम को भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।इस शोभायात्रा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश चन्द्र शर्मा उर्फ गोल्डी भैया अपनी टीम के साथ पहुंचे।तो वही गांववासियों ने जगह जगह पटका पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।परशुराम भगवान की शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक आकर्षक एवं दिव्य झांकिया निकाली गई। शोभायात्रा में निकाली गई सभी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को श्रद्धा एवं उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान गांव के लोगों ने गोल्डी भैया को अपना आशीर्वाद एवं स्नेह प्रदान किया।इस अवसर पर उनके साथ पंडित श्याम सुंदर शर्मा नरेन्द्र लवानिया पदम सिंह मैनेजर पंडित मुकेश शर्मा रवि शर्मा एडवोकेट मेघश्याम पहलवान नंदों भगत जी श्याम सखा मास्टर जी मोहन किसान यूनियन मंच के जिला अध्यक्ष नवल सिंह चौधरी राकेश चौधरी भूरा चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# एक शाम बुद्ध के नाम कार्यक्रम का आयोजन, प्रतिभावान बच्चों एवं नवयुवकों को किया सम्मानित

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति भूपेंद्र पुरी मोदीनगर के तत्वाधान में ₹एक शाम बुद्ध के नाम₹ बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव भूपेंद्रपूरी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष डॉ विनोद गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जगमोहन सिंह ने तथा संचालन मा.अनिल कर्दम ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धम्मचारिणी रतन वजरी अध्यापक एवं धर्म शिक्षिका व धम्म प्रचारक तथा नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली व डॉ. सतीश प्रकाश प्रोफेसर मेरठ कॉलेज मेरठ तीनो ने बुद्ध की बातों को श्रोताओं को बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर राष्ट्रीय बुद्ध भीम संगीत प्रचार मंडल काठीखेड़ा हापुड़ पंचशीलनगर जिला हापुड़ बहुजन मिशनरी रेडियो सिंगर मा० ओमपाल गौतम काठीखेड़ा रवि गौतम मुकीमपुर सुनील सखी संगीतकार साथी मा० तेजवीर गौतम अजय गौतम रोहित गौतम समस्त टीम ने बुद्ध, की शिक्षाओं से संबंधित गीतों के माध्यम से समा बांध दिया तथा श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ विनोद गौतम ने अपने पूज्य पिताजी का लिखा हुआ गीत को सुना कर मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों एवं नवयुवकों को स्मृति चिन्ह देकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला व पुरुष बच्चे ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यत राहुल कुमार महासचिव, सुनील कुमार एड. कोषाध्यक्ष, मा. हरभजन, अमरजीत सिंह (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सचिन बौद्ध, धर्मवीर सिंह कर्दम, आलोक भारती, मुकेश कुमार (उपाध्यक्ष), एड० विकास गौतम, दिव्यांशु कौशल, सौरभ कुमार, दिवाकर सागर (सचिव), दिनेश प्रधान, अन्नु गौतम (संयुक्त मंत्री), मा. अनिल कर्दम, मा. सुभाष कुमार, ई० अरूण कुमार (लेखा परीक्षक), राकेश कर्दम, सतपाल सिंह, सुरेन्द्र बौद्ध (सांस्कृतिक सचिव), तथा मोदीनगर व भूपेंद्र पुरी, तिबड़ा, सुदामापुरी, गोविंदपुरी, बेगमाबाद, सीकरी खुर्द, गरुनानकपुरा, इंद्रापुरी, स्थानों के गणमान्य लोगो की गरिमामयी उपस्थित ने कार्यक्रम को सफल बनाया। समिति के अध्यक्ष डॉ विनोद गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नींव द स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का हर्षोल्लासपूर्वक आयोजन




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नींव द स्कूल में विद्यालय परिसर में ग्रैंडपेरेंट्स डे का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच प्रेम, सम्मान एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक राम किशोर अग्रवाल, प्रबंधक अमित अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ. अपर्णा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए विशेष मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल ने सभी वरिष्ठजनों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्ग परिवार की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम में सभी उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार ने सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। नींव द स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं पारिवारिक मूल्यों के संवर्धन हेतु इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिलाओं ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर दिया धरना



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील मुख्यालय पर गांव बेगमाबाद की महिलाओं ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। इसके बाद महिलाओं ने अपनी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया। जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। उनका आरोप है कि बार-बार रिचार्ज कराना पड़ता है, लेकिन बिजली खपत की सही जानकारी नहीं मिलती। कई बार ऐप काम नहीं करता, जिससे बैलेंस और रीडिंग की जानकारी तक नहीं मिल पाती। महिलाओं ने कहा कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए राहत नहीं, बल्कि नई मुसीबत बन गई है। उनका कहना है कि सिर्फ पैसे डालते रहो, लेकिन पारदर्शिता कहीं नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर की खामियों को दूर करने और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। इस संबंध में शिकायत सौंपी गई है। एसडीएम अजीत कुमार सिंह ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, तब जाकर महिलाएं शांत हुई।

# पत्रकारों की पेंशन, स्वास्थ्य और आवास के लिए स्वतंत्र रूप से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय





वेलकम इंडिया संवाददाता

**नई दिल्ली।** मान्यता प्राप्त कल्याण समिति द्वारा आज दिल्ली प्रेस क्लब में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य पत्रकारों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं पर गहन चर्चा करना था। इस महत्वपूर्ण बैठक में रवींद्र गुप्ता, मनोहर सिंह, अमलेश राजू, प्रियरंजन, अमित कुमार, अशोक कौशिक, देवेन्द्र कुमार तोमर, अशोक धवन, आलोक गौर, रजनीकांत तिवारी, अजय शर्मा और प्रतिभा शुक्ल सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया और अपनी बात रखी।

सभी वरिष्ठ पत्रकारों के विचारों को सुनने के बाद, अध्यक्ष श्री रवींद्र गुप्ता जी ने एक निर्णायक सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर किसी संगठन के बैनर तले ज्ञापन सौंपने के बजाय, स्वतंत्र रूप से पत्रकारों द्वारा ही एकजुट होकर मुख्यमंत्री को इन मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जाए।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन मांगों को लेकर एक संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन सीधे मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।

इस महत्वपूर्ण पत्र का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार मनोहर सिंह एवं अमलेश राजू को सौंपी गई है। यह पहल पत्रकारों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 3 मई को निकली जाएगी भव्य शोभा यात्रा



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 03 मई 2026 (रविवार) को भव्य परशुराम शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभा यात्रा हनुमान मंदिर, सिकरी कलां से प्रारंभ होकर परशुराम मंदिर, पुरानी तहसील, मोदीनगर (गाजियाबाद) पर संपन्न होगी। इस संबंध में सिकरी कलां गांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभा यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि यात्रा के लिए 3-4 आकर्षक झांकियां एवं 4 डीजे की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश वशिष्ठ ने बताया कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी समाज बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे इस शोभा यात्रा को सफल बनाएं। बैठक में एडवोकेट प्रमोद शर्मा, पप्पन शर्मा, एडवोकेट सचिन शर्मा, मयंक शर्मा, आकाश शर्मा, सागर शर्मा, मधुसूदन शर्मा, बंटी शर्मा, कुणाल शर्मा, विनय वशिष्ठ, कौशल वशिष्ठ, अमित कराटे, राजकिशोर शर्मा एवं अभिषेक शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह शोभा यात्रा सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मानव अधिकार मिशन द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से शनिवार को तहसील परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व एवं मोदीनगर अध्यक्ष रजत शर्मा (एडवोकेट) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम का विशेष सहयोग रहा।शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। अधिवक्तागण, बैनामा लेखक, अधिकारी, तहसील स्टाफ एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के.पी. सिंह (राष्ट्रीय विधि सलाहकार, मानव अधिकार मिशन) एवं नेपाल सिंह शिशोदिया (प्रदेश अध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहे। साथ ही निश्चय गौतम (संस्थापक, निश्चय नीति फाउंडेशन) ने भी सहभागिता करते हुए इस पहल की सराहना की। तहसील बार एसोसिएशन, मोदीनगर के अध्यक्ष चौधरी जगबीर सिंह एवं सचिव श्री नकुल त्यागी सहित कई अधिवक्ताओं ने शिविर में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम आयोजक गौरव शर्मा (नगर उपाध्यक्ष, मानव अधिकार मिशन) ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।शिविर के सफल आयोजन पर उपस्थित सभी लोगों ने इसे समाजहित में एक सराहनीय पहल बताया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आई 93 शिकायतों में से सिर्फ तीन का निस्तारण



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील में उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 93 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष चौधरी पवन कुमार रूप ऊर्फ लालाराम बापू ने किसानो की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में बिजली के जर्जर तार बदलने, स्मार्ट मीटर नहीं लगाने, गन्ने का भुगतान, फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने आदि समस्याओं से अवगत कराया गया।

इस दौरान तहसीलदार रजत सिंह, मुकेश शर्मा नायब तहसीलदार सहित पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# फीस में राहत के साथ नए नियम लागू, अभिभावकों-प्रबंधन की बैठक में अहम फैसले



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में फीस वृद्धि एवं शिक्षा अधिनियम 2018 के अनुपालन को लेकर विद्यालय प्रबंधन और अभिभावक प्रतिनिधियों के बीच आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। यह बैठक विद्यालय परिसर में हुई, जिसमें विस्तृत चर्चा के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि से कम से कम 60 दिन पूर्व अभिभावकों को विद्यालय की वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से सूचना दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त विद्यालय में शीघ्र ही पैरेंट्स-टीचर एसोसिएशन का गठन किया जाएगा तथा अभिभावकों के लिए वेटिंग एरिया एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पाठ्य पुस्तकों के मामले में एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता देने का फैसला लिया गया है। यदि किसी कारणवश निजी प्रकाशकों की पुस्तकें उपयोग में लाई जाती हैं, तो उन्हें कम से कम तीन वर्षों तक नहीं बदला जाएगा।बैठक में लिए गए सभी निर्णय अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बी.के. राणा, उप-प्रधानाचार्य डॉ. गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं अभिभावक संघ की ओर से अध्यक्ष योगेंद्र बघेल, सचिव विकास नेहरा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर सख्ती: 'दो गज पीछे' अभियान से गाजियाबाद में चला जागरूकता का पहिया





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'दो गज पीछे' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने बाजारों, गलियों और मुख्य मार्गों पर पहुंचकर दुकानदारों व अतिक्रमण करने वालों को जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को समझाया कि सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण करने से यातायात व्यवस्था बाधित होती है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर रखें और सार्वजनिक स्थानों पर सामान न फैलाएं।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य शहर को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# यातायात पुलिस ने दिखाई मानवता और जिम्मेदारी तेज कार्रवाई से बची टेंपो चालक की जान

कपिल चौहान










**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शनिवार को लाल कुआं स्थित एनएच-9 पर एक कार और मालवाहक टेम्पो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में टेम्पो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ळकसंतोष चौहान एवं उनके हमराही आरक्षी श्रीकांत ने सराहनीय तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तुरंत नजदीकी मणिपाल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी, जिससे टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यातायात पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर उपचार मिल सका, जिससे उसकी जान बचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दिव्यांगजनों के लिए बड़ी पहल: 04 मई से गाजियाबाद में लगेंगे चिन्हांकन शिविर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विशेष चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ये शिविर 04 मई 2026 से शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में विशेषज्ञों की टीम दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन करेगी। यह स्पष्ट किया गया है कि फिलहाल शिविर केवल असेसमेंट के लिए हैं, जबकि उपकरणों का वितरण बाद में नियमानुसार किया जाएगा।



प्रशासन के अनुसार यह शिविर जनपद की विभिन्न तहसीलों, विकासखंडों एवं नगर निकायों में निर्धारित तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। सभी शिविरों का समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रहेगा। शिविर में भाग लेने के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वार्षिक आय सीमा ₹46,080 और शहरी क्षेत्रों के लिए ₹56,460 निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी श्री माँदड़ ने जनपद के दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंचकर योजना का लाभ उठाएं।

# गला दबाकर हत्या का सनसनीखेज खुलासा: 2 आरोपी गिरफ्तार, किशोरी बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में शामिल एक किशोरी बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया है।



मृतक का फाईल फोटो



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 29 अप्रैल 2026 को वादी द्वारा थाना लोनी बॉर्डर में तहरीर दी गई थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पिता के साथ मारपीट कर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और विशेष टीमों का गठन किया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर घटना का खुलासा किया। इसी क्रम में 1 मई 2026 की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी आनन्द शर्मा को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस तथा घटना से संबंधित 1400 रुपये बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया।

इसके बाद 2 मई 2026 को पुलिस ने दूसरे वांछित आरोपी प्रियान्शु उर्फ लोमड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से दो जोड़ी पाजेब और एक अंगूठी (सफेद धातु) बरामद हुई, जिसके आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इस जघन्य अपराध में एक किशोरी बाल अपचारी भी शामिल थी, जिसे पुलिस ने संरक्षण में लेकर आवश्यक विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में आगे की विधिक कार्यवाही जारी है और अन्य संभावित पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# किसानों की दुर्दशा का कारण नीतिगत विफलता

## अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बनेगा वैश्विक कृषि महाशक्ति: मोहम्मद अरशद खान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर, मोहम्मद अरशद खान ने आज एक सशक्त और स्पष्ट अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण से युक्त बयान जारी करते हुए कहा कि देश, विशेषकर उत्तर प्रदेश के किसानों की वर्तमान बदहाली किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं, बल्कि नीतिगत असंतुलन, प्रशासनिक उपेक्षा और किसान-विरोधी निर्णयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज किसान बढ़ती लागत, कर्ज के बोझ, कमजोर बाजार संरचना और सरकारी उदासीनता के कारण अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है, जबकि सत्ता पक्ष केवल प्रचार और खोखले दावों में व्यस्त है। उन्होंने स्पष्ट कहा- 'यह समय किसानों के नाम पर राजनीति करने का नहीं, बल्कि ठोस, दूरदर्शी और क्रांतिकारी निर्णय लेने का है।' मोहम्मद अरशद खान ने उत्तर प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए एक व्यापक दृष्टि प्रस्तुत करते हुए कहा कि: राज्य में बड़े पैमाने पर कृषि अनुसंधान एवं नवाचार केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों–ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट सिंचाई प्रणाली–से जोड़ा जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यायसंगत एवं लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु एक सशक्त कानूनी ढांचा तैयार किया जाएगा। किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराकर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनाया जाएगा।



उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, कृषि मंडियां कमजोर हो चुकी हैं, भंडारण की सुविधाएं अपर्याप्त हैं और सरकार की प्राथमिकताओं में किसान कहीं दिखाई नहीं देता।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की कृषि केवल एक क्षेत्रीय या राष्ट्रीय विषय नहीं है, बल्कि यह वैश्विक खाद्य सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। हम संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कृषि संगठनों और वैश्विक निवेशकों से आ'ान करते हैं कि वे इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया में सहभागी बनें और किसानों के अधिकारों की रक्षा में अपना योगदान दें।

अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा किसानों के साथ अन्याय जारी रहा, तो यह संघर्ष केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। अब समय आ गया है कि किसान अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करें और अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कृषि क्रांति का वैश्विक केंद्र बने।

# श्याम पार्क पाइप मार्केट में सड़क पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ

## 10.40 करोड़ की परियोजना से सुधरेगी आधारभूत सुविधाएं





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में बेहतर सड़क एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्याम पार्क मेन स्थित पाइप मार्केट क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया है। यह कार्य अभियंत्रण जोन-7 के अंतर्गत कराया जा रहा है। परियोजना का शुभारंभ माननीय मंत्री श्री सुनील शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री नन्द किशोर कलाल, सचिव श्री विवेक कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता श्री आलोक रंजन, अधिशासी अभियंता, पाइप मार्केट व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं स्थानीय पार्षद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्राधिकरण के अनुसार, इस परियोजना के तहत कुल 2756 मीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही आरसीसी ड्रेन, बीएम, एसडीबीसी और इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य भी कराया जाएगा। इस पूरे निर्माण कार्य पर लगभग 1040 लाख की लागत आएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस निर्माण कार्य के पूरा होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने आश्वस्त किया है कि कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाएगा, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

# नंदग्राम में रिश्तों का कत्ल: पति, सौतन और बहन ने महिला को बनाया शिकार'

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना नन्दग्राम क्षेत्र के हिंडन विहार में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां एक महिला के साथ उसके ही पति, कथित दूसरी पत्नी और उसकी बहन द्वारा बेरहमी से मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया गया। पीड़िता गुलबहार पत्नी इसराईल ने आरोप लगाया है कि करीब 10 माह पहले उसका पति इसराईल एक महिला सोनम को घर लेकर आया और उससे निकाह की बात कहकर उसे साथ रखने लगा।

विरोध करने पर उसे बच्चों सहित घर से निकालने की धमकी दी गई। आरोप है कि इसके बाद से ही इसराईल और सोनम ने मिलकर गुलबहार के साथ लगातार मारपीट शुरू कर दी। कई बार उसे कमरे में बंद कर पीटा गया और गला दबाकर जान लेने की कोशिश भी की गई। 25 अप्रैल की रात करीब 8:15 बजे मामला और गंभीर हो गया, जब इसराईल, सोनम और सोनम की बहन शिफा ने मिलकर पीड़िता को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। उसके बाल पकड़कर सिर दीवार





में मारा गया और लोहे के घूंसे से चेहरे व सिर पर वार किए गए, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अगले दिन हालत बिगड़ने पर पीड़िता ने एमएमजी अस्पताल और जिला संयुक्त अस्पताल में इलाज कराया, जहां जांच में सिर में खून के थक्के, नाक व पैर में फ्रैक्चर, कंधे की मांसपेशियों में गंभीर चोट और आंख में नुकसान की पुष्टि हुई है। उसकी हालत फिलहाल चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़िता ने थाना नन्दग्राम में शिकायत दर्ज कराते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# गाजियाबाद पूरे उत्तर प्रदेश में भाईचारे की मिसाल: इंद्रजीत सिंह टीटू

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने शहर में आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक रहा है और पूरे उत्तर प्रदेश में यहां के भाईचारे की मिसाल दी जाती है।



इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि एक धार्मिक संस्था में सेवादार होने के नाते वह शहर की जनता से निवेदन करते हैं कि गाजियाबाद की पहचान आपसी प्रेम, सम्मान और सौहार्द से है। उन्होंने बताया कि लगभग छह दशक पहले उनका जन्म इसी शहर में हुआ और उन्होंने हमेशा यहां सभी धर्मों और समुदायों को मिलजुलकर त्योहार मनाते देखा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में सभी राजनीतिक दलों, जातियों और धर्मों के लोग मिलकर ईद और दीपावली जैसे त्योहार खुशी और भाईचारे के साथ मनाते हैं। यही इस शहर की सबसे बड़ी ताकत है।

हाल ही में कैला भट्टा क्षेत्र में दो समुदायों के बीच एक छोटी सी बात को लेकर हुआ विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी घटना को बढ़ाकर सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाना सही नहीं है। सभी लोगों को संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। इंद्रजीत सिंह टीटू ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमें मिलकर परिवारों और समाज के लोगों को समझाना चाहिए और भाईचारा बनाए रखने में सहयोग देना चाहिए, न कि किसी के बहकावे में आकर माहौल खराब करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब शहर में भाईचारा कायम रहेगा तो अमन-शांति बनी रहेगी, व्यापार भी सुचारु रूप से चलता रहेगा और सभी परंपराएं तथा त्योहार भी खुशी और उत्साह के साथ मनाए जाते रहेंगे।

अंत में उन्होंने कहा कि वह और उनका समाज हर समय समाज की सेवा के लिए तैयार हैं और जिस भी रूप में शहर के काम आ सकें, बिना किसी समय की परवाह किए हमेशा सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 'जीरो टॉलरेंस': प्रतिबंधित वाहनों पर पूरी तरह रोक, उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में यातायात पुलिस इस अभियान को सख्ती के साथ लागू कर रही है। अभियान के तहत गाजियाबाद सीमा के सभी प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर चेतावनी फ्लेक्स व सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि दोपहिया, तीनपहिया (ई-रिक्शा सहित), ट्रैक्टर, ठेला, बैलगाड़ी व अन्य धीमी गति के वाहनों का एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है।




यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एक्सप्रेस-वे पर केवल उच्च गति के उपयुक्त (LMV/HMV) वाहनों को ही संचालन की अनुमति है। नियमों के पालन हेतु ITMS व सीसीटीवी कैमरों से निरंतर निगरानी की जा रही है, साथ ही चेकिंग अभियान भी लगातार जारी है।

नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत ₹20,000 तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। बार-बार उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस व वाहन पंजीकरण के निलंबन या निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करें और एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबंधित वाहनों का संचालन न करें। सुरक्षित व दुर्घटना मुक्त यातायात व्यवस्था बनाए रखना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# कैला भट्टा में धार्मिक यात्रा पर पथराव से मचा हड़कंप, इलाके में तनाव

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिया कड़ी कार्रवाई का भरोसा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर के कैला भट्टा क्षेत्र में देर रात हिंदुओं की धार्मिक यात्रा पर हुए पथराव के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद से पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में हैं तथा पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि धार्मिक यात्रा के दौरान अचानक कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।



घटना की गंभीरता को देखते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जो भी लोग धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त की जा रही है। प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। फिलहाल हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन एहतियातन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जारी हैं।

# तीनों तहसीलों में गूंजा जनसुनवाई का मंच: 206 शिकायतें दर्ज, 15 का मौके पर समाधान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासन के निदेर्शानुसार माह के प्रथम शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों–लोनी, सदर और मोदीनगर–में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ के निर्देशन में आयोजित इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 206 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

### लोनी तहसील

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्री दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व, पुलिस, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदर तहसील

मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 50 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 07 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। इस अवसर पर एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप, एसडीएम श्री अरुण दीक्षित सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### मोदीनगर तहसील



एसडीएम श्री अजित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 93 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान उनकी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के इस मंच पर आमजन की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने और त्वरित समाधान देने की पहल को लोगों ने सराहा।

# एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी नहीं, नाबालिग पीड़िता ने उठाई आवाज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर क्षेत्र में नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। 13 वर्षीय पीड़िता द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की संवेदनशीलता और सक्रियता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

मामला तिबड़ा रोड क्षेत्र का है, जहां पीड़िता ने 25 अप्रैल को थाना मोदीनगर में अभिषेक नामक युवक और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन इसके बाद भी पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी नजर आ रही है। पीड़िता और उसके परिवार का आरोप है कि आरोपी खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार का भय नहीं है। यह स्थिति न केवल पीड़ित परिवार के लिए असुरक्षा का कारण बनी हुई है, बल्कि स्थानीय लोगों में भी रोष पैदा कर रही है। परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार थाना स्तर पर संपर्क किया, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर टाल दिया गया। कानूनी जानकारों का कहना है कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में त्वरित कार्रवाई अनिवार्य होती है। ऐसे मामलों में देरी न केवल न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करती है, बल्कि पीड़िता के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेर्शों के बावजूद जमीनी स्तर पर पुलिस की लापरवाही सामने आना चिंताजनक है। स्थानीय निवासियों ने भी इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जब इतने गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज है, तब भी आरोपियों का खुलेआम घूमना कानून व्यवस्था की विफलता को दशार्ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद भी पुलिस अपनी सुस्ती छोड़ती है या नहीं। फिलहाल, पीड़िता न्याय के इंतजार में है और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल लगातार गहराते जा रहे हैं।

### खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कैलाश नाथ, पुत्र राजेंद्र नाथ, निवासी अलालपुर, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) गाजियाबाद बस स्टैंड से राजनगर जा रहा था। रास्ते में कहीं मेरा एक थैला (जिसमें कई महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे) खो गये हैं। खोए हुए दस्तावेजों में फॉर्म–37, लिफाफा नं.– 0254837, 0254838 और 0254839 शामिल हैं। यदि किसी को मिले तो सम्पर्क करें।